www.vijaymat.com

अखबार नहीं आईना...

# विजय मत

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष- 09 अंक- 111 पेज- 08 मूल्य- ₹ 1.00/- भोपाल, सोमवार, 8 अप्रैल 2024




**विजय मत, ब्यूरो जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार की शाम जबलपुर में भाजपा प्रत्याशी श्री आशीष दुबे के समर्थन में रोड शो संपन्न किया। प्रधानमंत्री जी ने भगत सिंह चौक से शंकराचार्य चौक तक जनता का अभिवादन कर भाजपा प्रत्याशी के लिए आशीर्वाद मांगा। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए यात्रा मार्ग की दोनों ओर की सड़कें भगवामय हो गई थीं। आम जनता ने घरों से पुष्प वर्षा कर एवं मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री का यात्रा मार्ग में विभिन्न समाज के नागरिकों द्वारा मंच लगाकर स्वागत किया गया, वहीं प्रधानमंत्री ने उनका अभिवादन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भगत सिंह चौराहे स्थित सरदार भगत सिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह एवं भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे के साथ विशेष रूप से सजाई गई गाड़ी पर सवार होकर प्रधानमंत्री ने स्थानीय नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। रोड शो के दौरान नागरिकों में खासा उत्साह था। रोड शो मार्ग में विभिन्न सांस्कृतिक झांकियां सुसज्जित थीं।

### महिला सम्मेलनः भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया महिलाओं का सम्मान

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त और सामर्थ्यवान बनायाः वीडी

**विजय मत ब्यूरो, कटनी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 से महिलाओं को सशक्त बनाने और गरीबों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। आजादी के बाद देश में कई सरकारें आई, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को जितना मान-सम्मान मिला उतना पहले कभी नहीं मिला। प्रधानमंत्री ने ''सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास'' के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग का कल्याण किया है। पहले महिलाएं चूल्हे पर खाना बनाती थीं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर असर पड़ता था। 75 सालों में महिलाओं के इस दर्द को किसी ने नहीं समझा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के माध्यम से हर घर में गैस पहुंचाने का काम करके धुएं से छुटकारा दिलाया है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कटनी जिले के बिलहरी में महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। शर्मा ने कार्यकर्ता बैठक एवं लाभार्थी संपर्क कर आमजन को पत्रक भी बांटे। महिला सम्मेलन की खासियत यह रही कि मंच संचालन से लेकर संपूर्ण आयोजन महिलाओं के हाथों में रहा।

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे महिलाओं को सशक्त, सक्षम और सामर्थ्यवान बनाने के लिए केन्द्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। देश भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माता-बहनों को इज्जत और सम्मान देने के लिए शौचालयों का निर्माण कराया, ताकि समाज में महिलाएं सम्मान के साथ सके। पहले बेटियों को जन्म के बाद मार दिया जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान'' चलाया। प्रदेश सरकार ने लाडली लक्ष्मी योजना के माध्यम से बेटियों को पैदा होते ही लखपति बनाने का काम किया। वहीं, लाडली बहना योजना के तहत बहनों के खातों में सीधे 1250 रुपए पहुंच रहे हैं। कांग्रेस की सरकार में पैसा सीधे लाभार्थी तक नहीं पहुंचता था, बीच में दलाल खा जाते थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में कोई बिचौलिया नहीं होता।



### कटनी में बनेगा मेडिकल कॉलेज, नहीं जाना पड़ेगा इलाज के लिए बाहर

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि आज किसी गरीब परिवार का सदस्य बीमार हो जाए तो उसे इलाज के लिए किसी से पैसा मांगने की जरुरत नहीं पड़ती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान योजना के माध्यम से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज कराने का अधिकार दिया है। जिसका लाभ बड़ी संख्या में हर वर्ग के लोग उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद खजुराहो के लोगों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। एक साल में कटनी में मेडिकल कॉलेज का निर्माण होगा और सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं और गरीबों का जीवन बदल दिया। हर वर्ग का उत्थान किया और दुनिया में भारत का डंका बज रहा है।

**अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना प्रधानमंत्री का लक्ष्य...** प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की चिंता की उस भावना को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना लागू करके रहने के लिए पक्के मकान की व्यवस्था की। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के कल्याण के साथ-साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की महिला शक्ति का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपार आशीर्वाद है। इस महिला सम्मेलन में बड़ी संख्या में मुस्लिम बहनें मौजूद हैं। हमारी पार्टी के बारे में भ्रामक प्रचार किया जाता है कि हम मुस्लिम विरोधी हैं, लेकिन चाहे केंद्र सरकार की योजनाएं हो या फिर राज्य सरकार की सभी वर्गों को बराबर लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रिपल तलाक खत्म करके मुस्लिम महिलाओं को सम्मान से जीने का अधिकार दिया है।

## राहुल 10 साल की नाकामी के बाद भी न हटे, न किसी को पार्टी चलाने दीः प्रशांत किशोर

**नई दिल्ली।** 2024 लोकसभा चुनाव में अगर कांग्रेस को उम्मीद के अनुसार नतीजे नहीं मिलते तो राहुल गांधी को राजनीति से ब्रेक लेने पर विचार करना चाहिए। प्रशांत ने कहा- राहुल गांधी कांग्रेस को जिताने के लिए पिछले 10 साल से असफल प्रयास कर रहे हैं। इसके बावजूद वे न तो राजनीति से अलग हुए और न ही किसी और को पार्टी का चेहरा बनने दिया। मेरी नजर में यह लोकतांत्रिक नहीं है। प्रशांत ने कहा- जब आप (राहुल गांधी) पिछले 10 साल से एक ही काम कर रहे हैं और उसमें कोई सफलता नहीं मिली है, तो ब्रेक लेने में कोई बुराई नहीं है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### कार्रवाई के पीछे नहीं था कोई गलत इरादाः एनआईए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को दो साल पुराने विस्फोट के मामले में छापेमारी और गिरफ्तारियां करते समय गलत इरादे के आरोपों को सिरे से खारिज किया। एनआईए की टीम पर पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में एक अनियंत्रित भीड़ ने हमला किया। इस हमले में एक अधिकारी घायल हुआ और एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ। एनआईए ने स्पष्ट किया कि देसी बम बनाने से जुड़े जघन्य अपराध की जांच चल रही है। जांच के हिस्से के रूप में उसकी कार्रवाई वैध और कानूनी रूप से जरूरी थी। एनआईए ने इस बात को दोहराया कि उसकी टीम जब मामले की जांच के सिलसिले में नरुआबिला गांव में तलाशी के लिए गई तो उस पर अनियंत्रित भीड़ ने हिंसक हमला किया।




### अग्निबाण रॉकेट लॉन्चिंग की तीसरी कोशिश भी नाकाम

**श्रीहरिकोटा, एजेंसी।** चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने अग्निबाण रॉकेट के प्रक्षेपण को रद्द कर दिया। यह प्रक्षेपण उड़ान भरने से लगभग 92 सेकंड पहले रद्द किया गया। इसके पीछे अग्निकुल कॉसमॉस ने तकनीक खामियों का हवाला दिया है। बता दें कि अग्निबाण एक सेमी क्रायोजेनिक रॉकेट है और 22 मार्च से अब तक इसके परीक्षण का यह तीसरा प्रयास था। यह परीक्षण उड़ान श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में अग्निकुल लॉन्च पैड पर आयोजित होने वाला था। इससे पहले शनिवार सुबह 7.45 बजे भी प्रक्षेपण की कोशिश की गई थी। यह दूसरा प्रयास था और यह भी सफल नहीं हो पाया था। इसके बाद रविवार को सुबह 5.30 बजे पलॉन्चिंग का समय निर्धारित किया गया था लेकिन इसे भी सुबह 7.45 बजे के लिए टाल दिया गया।



### रूस में तैयार हो रहे भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत अगस्त तक मिलेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस में भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत तैयार किए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इस साल के अंत तक ये युद्धपोत भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हो जाएंगे। दरअसल इन युद्धपोतों को रूस द्वारा अब तक भारत को सौंपा जाना था लेकिन यूक्रेन से युद्ध के कारण इन्हें तैयार करने में देरी हो रही है। पहला युद्धपोत आईएनएस तुशिल के नाम से जाना जाएगा, जबकि दूसरा युद्धपोत आईएनएस तमाल होगा। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना की एक टीम ने हाल ही में रूस में शिपयार्ड का दौरा किया था। वहां इन युद्धपोतों को तैयार किया जा रहा है। नौसेना की टीम द्वारा परियोजना का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि काम अच्छी गति से चल रहा है और पहला युद्धपोत समुद्री परीक्षणों के लिए भी लॉन्च किया जा चुका है।



### आईपीएलः मुंबई इंडियंस को मिली पहली जीत, दिल्ली को हराया

**मुम्बई।** सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 49 रन, इशान किशन 42 रनों की बड़े स्कोर की नींव तथा आखिरी ओवरों में टिम डेविड के नाबाद 45 रन और रोमारियो शेफर्ड की नाबाद 39 रनों तूफानी पारियों के बाद गेराल्ड कोएत्जी के चार विकेटों की बदौलत मुंबई इंडियंस ने रविवार इंडियन प्रीमियर लीग के 20वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। 235 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 10 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद पृथ्वी शॉ ने अभिषेक पोरेल के साथ दूसरे विकेट लिये 88 रन जोड़ते हुए टीम को मुकाबले में बनाये रखा। 12वें ओवर में बुमराह ने पृथ्वी शॉ को बोल्ड आउट कर दिल्ली को दूसरा झटका दिया।



## साल का पहला सूर्य ग्रहण आजः सूरज में अचानक हुए बदलाव से वैज्ञानिक हैरान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल यानी सोमवार को लगने वाला है। पश्चिमी यूरोप पेसिफिक, अटलांटिक, आर्कटिक मेक्सिको, उत्तरी अमेरिका, मध्य अमेरिका, दक्षिण अमेरिका के उत्तरी भाग, कनाडा, इंग्लैंड के उत्तर पश्चिम क्षेत्र और आयरलैंड में यह पूर्ण सूर्य ग्रहण नजर आएगा। अंतरिक्ष में सूरज को चंद्रमा पूरी तरह से ढक लेता है, तो पूर्ण सूर्य ग्रहण लगता है। इस दौरान दिन में ही अंधेरा हो जाता है और तापमान में गिरावट होती है। इस सूर्य ग्रहण का वैज्ञानिकों को इंतजार है। पूर्ण सूर्य ग्रह के दौरान सूर्य का कोराना नजर आ सकता है। इस दौरान सूर्य अपने 11 वर्षों के चक्र के चरम पर हैं। इसकी वजह से उसमें अधिक गतिविधि नजर आ रही है, लेकिन सूर्य ग्रहण से ठीक पहले वैज्ञानिकों ने अचानक से सूरज में शांति देखी है। इसके कारण वह हैरान हैं। सूर्य ग्रहण के दौरान एक समय ऐसा आता है, जब चंद्रमा पूरी तरह से सूर्य को ढक लेता है, जिसे समग्रता कहा जाता है। इस दौरान सूर्य का प्रकाश धरती पर नहीं पड़ता है।

**सूर्य अपनी गतिविधि के चरम पर है...** चक्र के दौरान सौर गतिविधियां कम से ज्यादा की ओर जाती हैं और फिर कम होती हैं। इसी तरह यह चक्र चलता रहता है। इस दौरान सूर्य अपनी गतिविधि के चरम पर है, जिसे सोलर मैक्सिमम कहा जाता है। सौर गतिविधियों के चरम पर होने की वजह से काले सनस्पॉट सूर्य की सतह पर फैल जाते हैं, जिनमें से अक्सर शक्तिशाली तूफान निकलते हैं।

## मप्र के कई जिलों में बारिश, बिजली और आंधी का अलर्ट, दो नए विक्षोभ आएंगे

**विजय मत, ब्यूरो इंदौर**



मध्यप्रदेश में उमस, गर्मी, बारिश और आंधी के अलग अलग रूप विभिन्न जिलों में दिखाई दे रहे हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। सभी जिलों के अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं देखा गया। उज्जैन संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहा एवं शेष सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहा।

ग्वालियर संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान काफी कम हुआ। शहडोल संभाग के जिलों में यह काफी बढ़ा एवं शेष सभी संभागों के जिलों के तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। नर्मदापुरम, रीवा, सागर संभागों के जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहे। शहडोल संभाग के जिलों में सामान्य से विशेष रूप से अधिक रहे एवं शेष सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहे। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री खरगोन में दर्ज किया गया तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री दतिया में दर्ज किया गया।

### इंदौर में बादलों से मिली राहत

इंदौर में भी मौसम का मिजाज बार-बार बदल रहा है। रविवार सुबह से बादल छाए हैं और बीच-बीच में धूप भी खिली है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी दो-तीन दिन तापमान में उतार-चढ़ाव रहेगा। शनिवार को दिन का तापमान 36.6 (-1) डिग्री और रात का तापमान 23 (+3) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं एक अन्य चक्रवातीय परिसंचरण दक्षिण पूर्वी राजस्थान के ऊपर मध्य समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई तक सक्रिय है। 10 और 13 अप्रैल 2024 से दो नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रीय होने की संभावना है।

## 13 नए पेपिलोमा वायरस से बढ़ेगा कैंसर का खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पिछले कुछ वर्षों से दुनियाभर में कोरोनावायरस के कारण होने वाली बीमारी का खतरा देखा जा रहा है। चार साल से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी यह कब तक जारी रहेगा, कोरोना का वैश्विक खतरा कब खत्म होगा, इस बारे में विशेषज्ञों को स्पष्ट जानकारी नहीं है। वैश्विक स्तर पर जारी इस संक्रामक रोग के खतरों के बीच वैज्ञानिकों की टीम ने कुछ और प्रकार का संक्रमण को लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की सलाह दी है। हालिया अध्ययन की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने 13 नए प्रकार के पेपिलोमा वायरस का पता लगाया है। विशेषज्ञों ने कहा इनमें से कुछ इंसानों के लिए भी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ाने वाले हो सकते हैं।



पेपिलोमावायरस को एचपीवी के रूप में भी जाना जाता है। इससे मनुष्यों और जानवरों सहित विभिन्न प्रकार की प्रजातियों में संक्रमण फैलने का जोखिम रहता है। एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने अंटार्कटिका में खोज के दौरान इन नए वायरस के बारे में पता लगाया है।

**नए वायरस से कैंसर के खतरे की भी आशंका...** वायरोलॉजी जर्नल में प्रकाशित शोध की रिपोर्ट के अनुसार पहचाने गए वायरस में से नौ में एचपीवी16 और एचपीवी18 जैसे संभावित रूप से कैंसर कारक जीन्स की पहचान की गई है। स्वास्थ्य विशेषतज्ञों ने बताया, पेपिलोमावायरस के कारण जननांगों पर सबसे ज्यादा असर देखा जाता है। कुछ प्रकार के पेपिलोमावायरस को उच्च जोखिमों वाला पाया गया है जिसके कारण सर्वाइकल कैंसर का जोखिम बढ़ जाता है। एचपीवी वायरस जिनसे जननांगों में संक्रमण का खतरा रहता है, वो मुख्य रूप से यौन संचारित संक्रमण (एसटीआई) के कारण फैलते हैं।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप नेताओं का सामूहिक उपवास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी नेताओं ने रविवार को देशभर में सामूहिक उपवास शुरू किया। पार्टी के बड़े नेता दिल्ली के जंतर-मंतर पर सुबह उपवास के लिए पहुंचे। आम आदमी पार्टी की मांग है कि शराब नीति घोटाले में 21 मार्च को गिरफ्तार हुए केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। उन्हें ईडी ने झूठे मुकदमे में फंसाया है। पार्टी ने ङ्ग पर पोस्ट में कहा- तानाशाही के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। आओ मिलकर देश के बेटे के लिए आवाज उठाएं। इससे पहले आप ने 26 मार्च को भी देशभर में प्रदर्शन किया था। दिल्ली में पार्टी कार्यकर्ता पीएम आवास का घेराव करने भी निकले थे, लेकिन उन्हें रास्ते में रोककर पुलिस ने हिरासत में ले लिया था।

## 2 करोड़ नौकरियां देने की गारंटी एक बुरे सपने की तरहः खडगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा थोपी गई बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। उन्होंने दावा किया कि युवा रोजगार पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और देश जनसांख्यिकीय दुस्वप्न का सामना कर रहा है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, युवा न्याय के तहत कांग्रेस की पहली नौकरी पक्की गारंटी काम और सीखने को अलग करने वाली बाधाओं को दूर करेगी, जिससे करियर के विकास के नए रास्ते खुलेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया, ''इस लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है, जो भाजपा द्वारा थोपी गई है। हमारे युवा नौकरी पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, और हम जनसांख्यिकीय दुःस्वप्न का सामना कर रहे हैं। भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों, आईआईटी और आईआईएम के मामले का हवाला देते हुए खरगे ने दावा किया कि 12 आईआईटी में, लगभग 30 प्रतिशत छात्रों को नियमित प्लेसमेंट नहीं मिल रहा है।

**खास खबर** केंद्रीय विद्यालय में एडमिशन 15 अप्रैल तक, हर क्लास में सीटें घटाई

## प्राइवेट जॉब वालों को नहीं मिलेगा ट्रांसफर पॉलिसी का लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय विद्यालय (केवी) ने हर क्लास में 8-8 सीटें कम कर दी हैं। केवी की ओर से जारी एडमिशन नोटिफिकेशन में 32 सीटों के लिए ही आवेदन मांगे गए हैं। अभी तक प्राइमरी से हायर सेकेंडरी तक हर क्लास में 40-40 सीटें होती थीं। वहीं बच्चों की ट्रांसफर पॉलिसी में भी बदलाव किया है। प्राइवेट सेक्टर की नौकरी कर रहे पेरेंट्स का राज्य के बाहर ट्रांसफर होने पर बच्चों को दूसरे राज्य के स्कूल में ट्रांसफर नहीं मिलेगा। केंद्रीय विद्यालयों में हर साल बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं। ऐसे में सीटें घटने से छात्रों और पेरेंट्स दोनों को मुश्किल होगी।

जानकारों का कहना है कि केंद्रीय विद्यालय में अधिक संख्या में छात्र होने से उन पर पूरी तरह ध्यान दे पाना संभव नहीं होता है और उनकी क्षमता घट जाती है। इसलिए सीटों में कटौती संबंधी यह निर्णय लिया गया है। हालांकि छात्रों और परिजनों में इसे लेकर निराशा है।



**ट्रांसफर पॉलिसी का लाभ केवल सरकारी नौकरी वालों को...** केंद्रीय विद्यालय में सरकारी नौकरी करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों के बच्चों को एडमिशन दिया जाता है। अगर पेरेंट्स का कहीं और ट्रांसफर होता है तो बच्चों को भी इंटर-स्टेट ट्रांसफर की सुविधा मिलती थी। अब इसमें बदलाव किया गया है। पहले सीटें खाली होने पर सभी पेरेंट्स के बच्चों को ट्रांसफर की सुविधा थी। अब सिर्फ सरकारी नौकरी में पदस्थ पेरेंट्स के बच्चों को ही ये सुविधा मिलेगी। प्राइवेट नौकरी में काम कर रहे लोगों के बच्चों को स्टेट ट्रांसफर की सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा।

**रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल तक...** केंद्रीय विद्यालय में क्लास 1 मे एडमिशन का लिंक 1 अप्रैल से लाइव है। एडमिशन के लिए 15 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। सिलेक्टेड स्टूडेंट्स की पहली लिस्ट 19 अप्रैल को जारी होगी। इसके बाद 29 अप्रैल और 8 मई को दूसरी और तीसरी लिस्ट जारी की जाएगी। बाकी कक्षाओं के लिए 10 अप्रैल तक आवेदन प्रक्रिया चलेगी। इन कक्षाओं की लिस्ट 15 अप्रैल को जारी की जाएगी। इस आधार पर 16 से 29 अप्रैल तक एडमिशन होंगे। एडमिशन की लास्ट डेट 29 जून है। ऑनलाइन आवेदन ऑफिशियल वेबसाइट से किए जा सकते हैं।

**11वीं में एडमिशन बोर्ड रिजल्ट के बाद...** केंद्रीय विद्यालय कक्षा 11 में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 10वीं बोर्ड रिजल्ट घोषित होने के 10 दिन बाद शुरू होगा। स्टूडेंट्स केंद्रीय विद्यालय संगठन की ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी नोटिफिकेशन चेक कर सकते हैं।

कार्यालयः भोपाल ■ शहडोल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ होशंगाबाद ■ विदिशा ■ सीहोर ■ बैतूल ■ छिंदवाड़ा ■ ग्वालियर ■ ब्यौहारी ■ अनूपपुर ■ उमरिया ■ सीधी ■ सिंगरौली ■ रीवा ■ सतना ■ बालाघाट ■ सिवनी ■ कटनी ■ सागर ■ मुलताई ■ मुरैना ■ टीकमगढ़ ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ भिलाई

# बेखौफ हो रहा अवैध ईंट भट्टों का संचालन, मिल रहा मुंह मांगा दाम

## नगर में ईटों की बढ़ी मांग, बुढार के ईट से लोग चला रहे काम,लाखों कमाने के लालच में हो रहा अवैध कारोबार, राजस्व की हो रही हानि

**विजय मत, शहडोल।**

नगर के आसपास के क्षेत्रो में इन दिनों ईटा भट्ठा सारे नियम कानूनो को दर किनार खुलेआम संचालित है। जहां पर हजारों लाखों ईट तो बनाये जा रहे है, लेकिन ईट पकाने का काम चोरी के कोयले से किये जा रहा है। न तो खनिज विभाग इस ओर ध्यान दे रहा है न ही स्थानीय प्रशासन। शहडोल नगर की बात की जाये तो देखा जा सकता है कि दर्जनों ईट के भट्ठे संचालित है जहां पर चोरी के कोयले से ईट पकाने का काम किया जाता है। संभागीय मुख्यालय से सटे गांव पचगांव, कुदरी, चांपा, जमुई, छतवई के आसपास ही दर्जन भर ईट भट्ठे संचालित है। यहां पर नियमो को दर किनार करके भट्ठों का संचालन किया जा रहा है यहा पर नबालिग बच्चों को भी काम करते देखा जा सकता है। विभिन्न ग्रामों में दर्जनों भट्ठे संचालित है और यहां पर ईट पकाने के लिये जिन कोयले का इस्तेमाल किया जा रहा है।



### नगर में बुढार की ईंटों की मांग

जिले के जनपद पंचायत बुढार में ईटों का कारोबार जोर पर है। शहडोल नगर में आधा से ज्यादा निर्माण कर बुढार की ईंटों से हो रहे हैं। बुढ़ार में अवैध ईटों का संचालन एवं परिवहन खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग के सहमति के साथ हो रहा है जिस पर ना कोई रोक है ना ही किसी प्रकार का मनाही है। इस कारण से ईट-भट्ठा का कारोबार अधिकारियों के सह पर चल रहा है।

### मिल रहे मुंह मांगे दम

नगर में घर निर्माण कार्य काफी तेज से चल रहा है। लोगों को ईट की आवश्यकता पड़ रही है। जिसके कारण लोग मजबूरी में अवैध ईट को भी ऊंचे दाम में खरीदने के लिए तैयार है। इससे ईट भट्ठा माफिया के हौसले और ज्यादा बुलंद है लोगों से बात करके ऊंचे से ऊंचे दाम में ईट बेचते हैं, ईट का कोई दम निश्चित नहीं है।

### हो रही लाखों रुपए की राजस्व की हानि

जिले में खनिज विभाग को हर महीने लाखों रुपए की राजस्व की हानि हो रही है, मगर अवैध ईट भट्टी संचालकों पर कार्रवाई नहीं होने से संचालकों के हौसले बुलंद हैं, जिले में इन दिनों अवैध ईट भट्ठों की बाढ़ आई हुई है। शासन-प्रशासन द्वारा आए दिन खनिज विभाग को अवैध रूप से संचालित होने वाले ईट भट्ठों पर कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया जाता है। संभागीय मुख्यालय से सटे पंचगांव ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ईट भट्टे का कारोबार बगैर विभागीय अनुमति व रायल्टी जमा किए धड़ल्ले से चल रहा है। इससे खनिज विभाग को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

### अवैध ईंट भट्ठों पर विभाग की नजर नहीं

अवैध ईट भट्ठे चल रहे हैं। इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हाने से अवैध ईट भट्ठों की संख्या बढ़ती जा रही है। इससे पर्यावरण तो प्रदूषित हो रही रहा है। साथ ही राजस्व को होने वाले आय का भी नुकसान हो रहा है। जिले में अब तक खनिज विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। हालांकि कुछ स्थानों में कागजी कार्रवाई करते अवैध वसूली कर खानापूर्ति की जा रही है। इससे ईट भट्?ठा संचालकों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं, ये लोग ब? पैमाने पर ईट का निर्माण कर शासकीय व निजी जमीन के खनन करने में लगे हुए हैं।

# सीएमओ प्रभात वरकड़े को इंदौर पुलिस लिया हिरासत में

## दुष्कर्म के मामले में बुढार से पकड़ कर ले गये इंदौर

**विजय मत, शहडोल।**

कोयलांचल क्षेत्र नगर पालिका धनपुरी मे पदस्थ मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रभात वरकड़े को इंदौर जिले के एमआईजी थाना पुलिस की टीम ने रविवार को बुढार आकर हिरासत मे लेकर अपने साथ इन्दौर पुछताछ के लिए लें गई।



आरोपी सीएमओ पुर्व में इंदौर से आई पुलिस ने हिरासत मे लिया वह क्रिकेट खेल रहे थे। इस संबंध मे इंदौर के एमआईजी थाना प्रभारी मनीष लोधा ने बताया कि इंदौर मे रहकर पढ़ाई करने वाली युवती से सबसे पहले आरोपी सीएमओ वरकड़े की पहली मुलाक़ात हुई थी। आरोपी एवं पीड़ित युवती के बीच दूर का रिस्ता भी होना पता चला है। पीड़ित ने थाने मे शिकायत दर्ज करते हुए बताया गया है कि इसके बाद दोनों के बीच कई बार मुलाकाते हुईं। आरोपी द्वारा पीड़िता को इंदौर के अलावा जबलपुर समेत अन्य स्थानो पर ले जाकर उससे शादी करने का झांसा देकर कई बार दुराचार किया है लेकिन अब युवती ने शादी करने पर जोर देने लगी तो वह इससे मुकर गया। जिसके बाद पीड़िता ने एमआईजी थाना आकर इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होने के बाद वारिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर एमआईजी थाना इंदौर से चार सदस्यीय टीम शहडोल जिले के धनपुरी भेजी गयी थी, जहाँ से हमारी टीम ने आरोपी सीएमओ प्रभात वरकड़े को हिरासत मे ले लिया हैं। यहाँ आने के बाद आगे पूछताछ कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**इनका कहना है...**

इंदौर एम आई जी थाने की टीम आई थी प्रभात वरकड़े को पुछताछ के लिए अपने साथ ले गये है वरकड़े के ऊपर पास्को एक्ट का मामला दर्ज है।

» **संजय जायसवाल**
थाना प्रभारी बुढ़ार

# मुरुम का अवैध परिवहन करते गाबर कम्पनी के दो हाइवा पकड़ाये

**विजय मत, ब्यौहारी।**

रीवा से टेटका तक सड़क निर्माण करा रही गाबर कम्पनी के दो हाइवा अवैध मुरुम के परिवहन करते खनिज विभाग ने पकड़ कर ब्योहारी थाने मे खड़ा करा आगे की कार्यवाही की जा रही है।



खनिज विभाग के खनिज सर्वेयर समयलाल गुप्ता ने शहडोल की तरफ से आ रहे टिहकी के पास दो हाइवा ट्रक अबैध मुरुम लोड कर परिवहन करते पकड़ा। दस्तावेज की मांग करने पर कोई बैध दस्तावेज नहीं होना बताया एवं वाहन सड़क निर्माण करा रही गाबर लिमिटेड कम्पनी का बताया। जिसे पकड़ कर ब्योहारी थाने की अभिरक्षा मे खड़ा कराया गया। हाइवा मे वाहन का नम्बर नहीं लिखा था। चेचिस नंबर से उसका नंबर निकाल कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

**बिना लीज कम्पनी निकाल रही थी मुरुम-** मिली जानकारी अनुसार सड़क निर्माण करा रही गाबर कम्पनी सड़क बनाकर पटरी भराई का कार्य करने के लिये टिहकी से अवैध रूप से मुरुम निकाल कर पटाई कार्य कर रही है। कम्पनी के द्वारा मुरुम का उत्खनन करने के लिये कोई लीज स्वीकृति नहीं कराई गई है। स्थानीय लोगों से सांठगांठ कर गांव से मुरुम निकाल स?क किनारे पटरी की भराई कर करोड़ों रूपये के राजस्व की खुलेआम चोरी की जाकर शासन को चूना लगाया जा रहा है। खनिज सर्वेयर समयलाल गुप्ता ने प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि निजी भूमि से मुरुम का उत्खनन कर कामर्शियल कार्य के लिये उपयोग किया जा रहा है। जिसकी जांच कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

रेत लोड हाईबा पकड़ाया -उक्त कार्यवाही खनिज विभाग के सर्वेयर समयलाल गुप्ता के द्वारा शहडोल रोड़ के टिहकी गांव में की गई। और वाहनों को थाने में खड़ा किया गया।

# पपौंध पुलिस द्वारा की गई एनडीपीएस एक्ट कार्यवाही


शहडोल। मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि नारेन्द्र उर्फ पिंटू नाम का व्यक्ति एक झोले में बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ कोरेक्स सिरप लेकर विजयसोता से अपने घर कि तरफ जा रहा सूचना पर पपौंध पुलिस द्वारा विजयसोता मेन रोड पडरी तिराहा पहुंचकर देखा तो सूचना के अनुसार एक व्यक्ति निले रंग का लोअर और गुलाबी रंग के टी.शर्ट पहने हुए हाथ में झोला लिये विजयसोता कि तरफ से आ रहा थाए जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा हमराह स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पक?कर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम नारेन्द्र उर्फ पिंटू जायसवाल पिता शोभलाल जायसवाल उम्र 35 वर्ष निवासी पपौंध का होना बताया। तलाशी में आरोपी पिंटू जायसवाल के कब्जे से प्राप्त झोले से मादक कफ सिरप ;आँनरेक्स कफ सिरपद्ध कि 34 बन्द शीशियां कीमती 11,900 रुपए बरामद हुई। पुलिस टीम के द्वारा उक्त सिरप को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध छक्र्् एक्ट एवं ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## 147 चालानों में 60,700/- रूपये समंस शुल्क वसूले

जिला शहडोल पुलिस द्वारा बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 147 चालानों में 60,700/- रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

# खडौली गांव में आधा दर्जन जंगली हाथियों ने दी दस्तक

## किसानों की खड़ी फसलों को पहुंचा रहे नुकसान



**विजय मत, शहडोल।**

जिले में जंगली जानवरों का आना-जाना आम सा हो गया है,जंगली हाथी बार-बार जिले में घुस आते हैं और किसानों की खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। एक बार फिर ब्यौहारी वन परिक्षेत्र के खडौली गांव में आधा दर्जन जंगली हाथियों ने अपनी दस्तक दे दी है।और किसानों की खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।बीती रात खडौली गांव में आधा दर्जन जंगली हाथी बांधवगढ़ की सीमा को पार करते हुए ब्यौहारी पहुंचे और आसपास के गांव में खेतों में लगी खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। खेत में तकवारी कर रहे कुछ किसानों की जब नजरे जंगली हाथियों पर पड़ी तो मामले की जानकारी पुलिस के साथ-साथ वन विभाग के लोगों को दी गई। जानकारी लगने के बाद वन विभाग के आला अधिकारी व पुलिस टीम मौके पर पहुंची है और जंगली हाथियों पर नज़रें बनाए हुए हैं।

बांधवगढ़ और संजय गांधी टाइगर रिजर्व की की सीमा जिले से लगी हुई है जिसकी वजह से आए दिन जंगली जानवरों का शहडोल में आना जाना आम हो गया है। आधा दर्जन जंगली हाथी बांधवगढ़ के जंगल से भटकते हुए शहडोल जिले में घुस आए हैं। और फसलों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। बीते कुछ माह पहले भी जंगली हाथी छत्तीसगढ़ से शहडोल पहुंचा था जिसने एक किशोर को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया था। इस बिगड़ैल हाथी को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम ने रेस्क्यू कर जंगल ले जाकर छोड़ा था अब फिर दोबारा जंगली हाथियों का एक छोटा झुंड पहुंचकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। जिससे किसानों की चिंता काफी बढ़ गई है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बीती रात छह हाथियों का एक दल जिले में पहुंचा है।जानकारी लगने के बाद टीम लगातार वहां पर नज़रें बनाए हुए हैं। और हाथियों के मूमेंट को देखे हुए हैं । आसपास में मुनादी भी कराई गई है कि जंगली हाथी आ गए हैं और जंगलों की ओर लोग ना जाएं।

## न्यूज इन शॉर्ट



### मतदान का महत्व बताने मोहतरा में आयोजित हुई चुनावी पाठशाला

शहडोल - कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में शहडोल जिले के ग्राम पंचायत मोहतरा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन के नेतृत्व में मतदान की अलख जगाने के लिए चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर सीईओ जिला पंचायत ने सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, चला चली मतदान करी अपने मत के मान करी के नारे, भी लगाए गए साथ ही ग्राम पंचायत मोहतरा में मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। तथा 19 अप्रैल 2024 को मतदान करने की अपील भी मतदाताओं से की। कार्यक्रम के दौरान में जनपद पंचायत गोहपारू के सीईओ श्री वेदमणी मिश्रा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक आलोक सोंधिया, प्रवीण दुबे, मुकेश पाठक, रविना सिंह , अशोक अहिरवार, सतेंद्र गुप्ता, रामप्रसाद पाठक, अजय नामदेव, अनिता साहू, देववती सिंह, आकांक्षा निगम, रितेश बैगा, पंकज पाण्डेय,की सहभागिता रही।

### तिलक लगाकर मतदान हेतु किया गया आमंत्रित



शहडोल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने एवं मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में गोहपारू के ग्राम बरहा में महिलाओं द्वारा दिव्यांग, वरिष्ठ मतदाता, गर्भवती माताओं को तिलक लगाकर मतदान के प्रति जागरूक किया गया तथा 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की गई।

### माइक्रों आब्जर्वरों को दिया गया प्रशिक्षण



शहडोल - लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संभागीय मुख्यालय शहडोल के मानस भवन में मास्टर ट्रेनरों द्वारा निर्वाचन के लिए सौंपे गए दायित्वों के संबंध में माइक्रो आब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रगति वर्मा सहित मास्टर ट्रेनर्स व माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित थें।

### 39 स्थानों पर 416 लीटर अवैध शराब जब्त

शहडोल। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री कुमार प्रतीक द्वारा शहडोल जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में दिनांक 06ण्04ण्24 को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 39 स्थानों पर दबिश देकर कुल 416 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई । सभी आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

**मनमानी** | मतदान कर्मिय

# गर्मी में बढ़ रहे हैं मरीज, सरकारी अस्पतालों में इंतजाम नहीं



**विजय मत, शहडोल।**

गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। लोगों को धूप झुलसा रही है, तो पारा 35 से 40 डिग्री के करीब है। इसके चलते आमजन परेशान हैं तो बीमार की क्या स्थिति होगी, सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। उस पर शहडोल जिले के विभिन्न अस्पताल में पंखे नहीं तो यहां गर्मी के कारण भर्ती मरीज हलकान तो परिजन परेशान नजर आ रहे हैं। ऐसे में खान-पान में थो?ी सी लापरवाही से लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में दो दिनों में उल्टी-दस्त, लू और डायरिया के अधिक मरीज पहुंच चुके हैं। इनमें से कुछ अस्पताल में भर्ती भी हैं।जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड, सर्जिकल वार्ड, आर्थो वार्ड सहित शिशु वार्ड मरीजों से भर गए हैं। लेकिन अस्पताल में अभी कूलर व एग्जास्ट फैन शुरू नहीं हुए हैं। जिससे वार्ड में उमस के कारण मरीज परेशान हो रहे हैं।

### जिला चिकित्सालय में कूलर की मांग

जिला अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की भीड़ देखने को मिलती है। ऐसे में मरीजों को मजबूर होकर जिला अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है। लेकिन ऐसी गर्मी में अस्पताल में मरीजों के लिए न तो कूलर की व्यवस्था है और न ही पंखों की। यदि पंखे चलते भी है तो उनकी स्पीड भी भगवान भरोसे है। ऐसे में लोगों का जीवन गर्मी में बेहाल हो गया है। मरीजों की मांग है की विभिन्न वार्डो में कूलर की व्यवस्था की जाए जिससे मरीजों को गर्मी में राहत मिल सके।

### जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाएं चौपट

जिला चिकित्सालय शहडोल में मरीज ने बताया कि जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाएं चौपट है। गर्मी को देखते हुए यहां बेहतर पानी की व्यवस्था नहीं है। जिससे मरीज और ज्यादा परेशान होते हैं। लोगों ने यह भी बताया कि जिला चिकित्सालय में जो पानी मिलता है, वह बहुत ज्यादा गर्म होता है तथा पानी सेहत के लिए सुरक्षित है भी या नहीं यह भी लोगों को नहीं पता है। उन्होंने बताया कि डॉक्टर देखने के लिए नहीं पहुंच रहे. पीने का पानी 48 घंटे बाद मिल रहा है, तो वहीं, गर्मी से लोग बेहाल है. शिकायत करते रहिए. लेकिन, सुनने वाला कोई नहीं है. कूलर और पंखा होने के बावजूद इमरजेंसी वार्ड में मरीजों को गर्मी से परेशान होना प? रहा है।

### बर्न यूनिट में मरीज हो रहे ज्यादा परेशान

जिला चिकित्सालय में बर्न वार्ड में - भी ना तो कूलर और ना ही ए.सी. की सुविधा है, जिसके कारण यहां इलाज मरीज को गर्मी तथा दुर्गंध में रहना मुश्किल हो रहा है। गर्मी की वजह से जलन हो रही है। मरीज के परिजनों का कहना है कि ना तो कूलर की व्यवस्था इस वार्ड में है और ना ही ए.सी. की, जिसके कारण लोग परेशान है।

# बाजार बैठकी बसूली में गरीबों के साथ करते हैं रंगबाजी



बुढार। नगर की अव्यस्थित सब्जी मंडी में बाजार बैठकी बसूलने में नपा स्वच्छता प्रभारी करते हैं ग़रीब फुटपाथ सब्जी विक्रेताओं से रंगबाजी बिना पर्ची के बसूलते है बैठकी शुल्क, रेलवे ब्रिज के समीप अव्यस्थित रुप से लग रही सब्जी मंडी में आसपास के गांव से सब्जी लेकर आने बाले महिलाओं से बाजार बैठकी को लेकर अनाप-शनाप पैसा बसूलने बाले नगर परिषद बुढार के कर्मचारियों को द्वारा तराजू बाट उठाकर डारा कर बसूलते है पैसा और सुविधाएं कुछ भी नहीं प्रदान की जाती है।

**पुलिस भी दिखातीं है रौब**

रविवार को रेल्वे ओभर ब्रिज के समीप अव्यस्थित सब्जी विक्रेताओं के द्वारा सड़क के किनारे बैठकर सब्जी बेचकर अपना जीवन यापन करने वाले गरीबों को वहां से हटाने के लिए पुलिस डंडा लेकर रौब दिखातीं है और दुसरी ओर नगर परिषद कोई सुविधा नहीं देते है और बैठकी शुल्क बसूलने में कोई कसर नहीं छोड़ते है।

**10 अप्रैल को विशाल धर्मयात्रा, सिंधी पंचायत कार्यालय में समाज की विशेष बैठक**

# हिरदाराम नगर में इस बार भी शानदार तरीके से मनाया जाएगा चेटीचंड का पर्व





**विजय मत, ब्यूरो, संतनगर**

10 अप्रैल को विश्वभर में जहां भी सिंधी समाज रहता है वहां भगवान झूलेलाल जी की आराधना होगी और समाज अपने ईष्ट देव वरुण अवतार झूलेलाल जी का जन्मोत्सव चेटीचंड के रूप में उत्साह के साथ मनाएगा। देशभर में विशाल धर्म यात्राएं निकलेंगी सुखो सेसा शरबत आरती अख्खा पल्लव प्रार्थनाएं और सिंधी गीत संगीत के बीच डांडिया ÷सिंधी छेज़÷ बच्चों के मुण्डन, बहराणा साहब और जल ज्योति की पूजा के साथ ही मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे। सामाजिक संस्थाओं द्वारा सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है।

प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को सिंधी दिवस को गरिमा के साथ मनाया जाता है। यहां बता दें कि 10 अप्रैल 1967 को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में भारत की प्राचीन सिंधी भाषा को शामिल किया गया था तभी से विश्व सिंधी दिवस प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को हजारों वर्षों पुरानी सिंध की संस्कृति को याद करते हुए उसे संरक्षित रखने के लिए मनाया जाता है। इसे सिंध सहित विश्व के भागों में बसे हुए सिंधी समाज के बंधु मनाते हैं यह दिन सिंध की संस्कृति को मनाने और उसे प्रदर्शित करने का दिन है। इस बार चेटीचंड और सिंधियत दिवस दोनों ही संयोग से एक ही दिन पर हैं जिस कारण राष्ट्रभक्त, परोपकारी और पुरुषार्थी सिंधी समाज में एक अलग ही उत्साह है।

चेटीचंड चैतीचंद की तैयारियों को लेकर शनिवार को सिंधी समाज की एक खास और अंतिम बैठक पूज्य सिंधी पंचायत कार्यालय में वेदांत संत लालसाईं जी के। मुख्य आतिथ्य और समाज अध्यक्ष साबू रीझवानी की अध्यक्षता में हुई। बैठक की कार्यवाही मधु चांदवानी ने चलाई। संत नगर में झूलेलाल जी की निकलने धर्मयात्रा की रूपरेखा संयोजक कन्हैयालाल ईसरानी ने बताई।

भव्य यात्रा में जहां रथ पर सवार भगवान झूलेलाल की सवारी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी वहीं इस बार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और अन्य देवी देवताओं संतों महापुरुषों की झांकियां भी होंगी... 12 बग्गिया,10 बुलेट पर ब्लैक कमांडो,दो डीजे,21 कलाकारों द्वारा ताशे,हाथी, घोड़े, ऊंट पर उमर मारवी 20 सदस्यों की शानदार जगदीश बैंड और सिंधु सभ्यता और संस्कृति की झलक दिखाई भी देगी।

# हर काम जनमानस के कल्याण करने से संबंधित हो ऐसे कार्य हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए : शैलेंद्र जैन

**दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अर्हम नवीन कार्यकरिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न**



**विजय मत, ब्यूरो, सागर**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अर्हम की पूर्व कार्यकरिणी के कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नवीन कार्यकरिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को होटल दीपाली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक शैलेंद्र जैन शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ के साथ की गई। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि जैन सोशल ग्रुप को सबसे पहले शुभकामनाएं देता हूं। नई टीम, पुरानी टीम के पद चिन्हों पर चलते हुए कुछ ऐसे जनकल्याण के कार्य करें, जिनके माध्यम से ग्रुप नया अध्याय लिख सके। वहीं पुरानी टीम जिन्होंने 2 वर्ष का कार्यकाल में काम किए वह भी प्रशंसनीय है। विधायक जैन ने कहा कि कार्यकारिणी के नए अध्यक्ष को सुझाव है कि पूरे साल का कैलेंडर बनाएं। ऐसे कार्यक्रम बनाएं, जिससे समाज को फायदा हो। हर काम जनमानस के कल्याण करने से संबंधित हो, ऐसे कार्य हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए। समाज कल्याण के साथ कैसे शहर को हरा-भरा बनाएं इसके लिए भी प्लान बनाएं। हमें पूरी आशा है कि आने वाले समय में अर्हम द्वारा किए गए कार्यों से संस्था की अलग से पहचान बनेगी। कार्यकारिणी को शपथ विधि अधिकारी सनत गंगवाल ने शपथ दिलाई।

# मेरा पहला वोट देश के लिए विषय पर किया नुक्कड़ नाटक



**विजय मत, ब्यूरो, सागर**

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं युवा खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शहीद दिवस की श्रृंखला में स्वच्छता कार्यक्रम एवं मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी के माध्यम से राष्ट्रीय विकास को बढ़ाना है। जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय के समीप स्थित गांव पथरिया में दिनांक 7 अप्रैल को आपका वोट आपका अधिकार को लेकर मतदान जागरूकता रैली पथरिया गांव में निकाली गई तथा मतदाता जागरूकता से संबंधित मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसका उद्देश्य पहली बार वोट देने वाले नागरिकों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांगो को उनके वोट देने के अधिकारो को शामिल करते हुए मतदान करने के उद्देश्य से प्रेरित करना तथा एक बेहतर लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भूमिका को निभाना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

# गले लगी और कहा : जीत की अग्रिम बधाई, दो भाजपा नेत्रियों का मिलन

**विजय मत, ब्यूरो, सागर**



यह दो भाजपा की नेत्रियां है जिन्होंने संघर्ष से सफलता की कहानी लिखी है और नारी शक्ति के सशक्त हस्ताक्षर है ! जी हां... सुजालपुर की नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार सागर से भोपाल जा रही थी और राहतगढ़ से जनसंपर्क कर लौट रही सागर से सांसद प्रत्याशी डॉ लता वानखेड़े का बम्होरी तिराहे पर कुछ इस तरह मिलन हुआ... तस्वीर बयां कर रही है शायद बबीता जी कान में कह रही है आपकी मेहनत को सलाम विजई भवः।

## न्यूज इन शॉर्ट

### जिला बदर बदमाश के खिलाफ रासुका की कार्यवाही

**भोपाल।** नजीराबाद थाना इलाके के ग्राम बीलखो में जिला बदर का उल्लंघन करने वाले बदमाश के खिलाफ पुलिस ने रासुका की कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार नजीराबाद इलाके के एक गॉव में रहने वाला 30 वर्षीय जालम सिंह गुर्जर पिता गुलाब सिंह गुर्जर आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ मारपीट, अड़बाजी जैसै कई गंभीर मामले दर्ज है। आमजन की सुरक्षा और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये बदमाश को जिला बदर किया गया था। जिला बदर आदेश में उसे भोपाल सहित आसपास के जिलों की राजस्व सीमाओ से दूर रहने की हिदायत दी गई थी। पुलिस को सूचना मिली की जिला बदर आदेश के बाद भी बदमाश जालम सिंह अपने गांव बीलखों में ही बैखौफ घूम रहा है। घेरांबदी कर पुलिस ने उसे दबोच लिया। उसके खिलाफ आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**भोपाल।** शाहपुरा थाना इलाके के मिसरोद फाटक के पास मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात करीब साढ़े 9 बजे सूचना मिली कि मिसरोद फाटक के पास एक युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल की जॉच के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास ऐसा कोई दस्तावेज या अन्य सुराग नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त की जा सके। मृतक की उम्र करीब 30-35 साल के आसपास है, वह सफेद रंग की शर्ट और नीला पेंट पहने हुए था। मृतक युवक ने आत्महत्या की है या फिर उसकी मौत हादसा है, इसकी जांच शव की शिनाख्ती के बाद ही की जा सकेगी। पुलिस ने उसकी पहचान जुटाने के लिये आसपास के थानो को भी हादसे की जानकारी भेज दी है, इसके साथ ही दर्ज हुए गुम इंसानो के प्रकरणो को भी खंगाला जा रहा है।

### शराब के नशे में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना इलाके में रहने वाले युवक द्वारा फांसी लगाकर जान देने की घटना सामने आई है। बताया गया है की मृतक ने यह आत्मघाती कदम शराब के नशे में उठाया है। पुलिस आगे की जॉच कर रही है। पुलिस के मुताबिक वाजपेयी नगर झुग्गी में रहने वाला 35 वर्षीय वसंत पिता गोकुल निजी काम करता था। उसके परिवार में दो भाई, मां सहित उसका आठ साल का बेटा था। परिवार वालो ने पुलिस को बताया कि विवाद के कारण उसकी पत्नी उसे छोड़कर जा चुकी है। वसंत को शराब के नशे की लत थी, और वह रोजाना ही शराब पीता था। शुक्रवार रात भी वह शराब के नशे में घर आया और मां से सोने का कहकर कमरे में चला गया। कमरे में जाकर उसने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। शुरुआती छानबीन में फिलहाल सुसाइड नोट नहीं मिलने से खुदकुशी के सही कारणो का खुलासा नहीं हो सका है। अनुमान है कि मानसिक तनाव के कारण युवक ने यह कदम उठाया होगा।

### अल्टाट्रैक सहित नामी कंपनियो की बोरियो में भरकर बेचा जा रहा था नकली सीमेंट

**भोपाल।** जहांगीराबाद पुलिस ने पुल बोगदा के पास एक गोदाम में रेड मारते हुए 437 बोरी सीमेंट जब्त की है। बताया गया है कि गोदाम में सस्ती सीमेंट को अल्टाट्रैक समेत अन्य महंगी सीमेंट की बोरियों में भरकर बेचा जा रहा था। पुलिस ने सभी बोरियों को टेस्टिंग के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस ने नकली सामान की जांच करने वाली अधिकृत संस्था के प्रतिनिधि की शिकायत पर सीमेंट गोदाम संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी और कॉपी राइट एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सिद्दिकी शेख नामक व्यक्ति का पुल बोगदा पर सीमेंट का गोदाम है। गोदाम में सस्ती सीमेंट को महंगी और ब्रांडेड सीमेंट कंपनियो की बोरियों में भरकर बेचे जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर नकली सामान की जांच करने वाली अधिकृत संस्था के प्रतिनिधि रौनक जोशी से पुलिस को शिकायत की। पुलिस टीम उनके साथ गोदाम पर पहुंची और छापा मारा। कार्रवाई के दौरान पुलिस को यहां 437 बोरी सीमेंट मिली है। इनमें 302 बोरी सीमेंट अल्टाट्रेक की बोरियों में भरी गई थी। बाकि की सीमेंट अलग-अलग नामी कंपनी की बोरियों में भरी गई थी।

# सुरखी विधानसभा क्षेत्र की शक्ति केंद्र, मंडल तथा बूथ प्रभारियों की बैठक का हुआ आयोजन

**विजय मत, ब्यूरो, सागर**



लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर रविवार को होटल रॉयल पैलेस में सुरखी विधानसभा क्षेत्र की शक्ति केंद्र ,मंडल ,बूथ प्रभारियों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सुरखी विधानसभा क्षेत्र के पांचो मंडलों अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी तथा बूथ प्रभारी शामिल हुए बैठक में शक्ति केंद्र की बैठक, तारीख तथा कमेटी को लेकर चर्चा की गई।15 दिनों में सुरखी विधानसभा क्षेत्र के सभी शक्ति केंद्र पर बैठक संपन्न करने का लक्ष्य तय किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि इस बार 400 पर का लक्ष्य है हर पुलिंग बूथ पर 370 से अधिक मत प्राप्त करके जीत का नया इतिहास रचना है उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा लाभार्थियों से सभी कार्यकर्ताओं को मिलना है हमारी भाजपा प्रत्याशी डॉ लता वानखेड़े को 5 लाख से अधिक मतों से विजय बनाकर विकास की डबल इंजन की सरकार को मजबूत करते हुए विकास को नई रफ्तार देनी है इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि हर शक्ति केंद्र पर बैठक होगी समितियां बनाई जाएगी बूथ स्तर के सभी भाजपा कार्यकर्ता कार्य योजना बनाकर कार्य करें प्रचार प्रसार सम्मेलन बैठक आदि की रूपरेखा तैयार की जाए सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निष्ठा और समर्पण के साथ पालन करें। बैठक में सुखी विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के मोर्चा अध्यक्ष शामिल रहे।

# सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने कहा कारोबार बंद कर झूलेलाल शोभा यात्रा में शामिल हों व्यापारी

**अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश ईसरानी व महासचिव सुरेश जसवानी ने लिखा पत्र**

**विजय मत, ब्यूरो, संतनगर**



बीते साल की तरह इस बार भी सिंधियों के इष्ट देव एवं भारत देश के शहरों से लेकर गांव गांव में इन्द्र देव वरूणावतार के रूप में पूजे जाने वाले भगवान झूलेलाल की जयंती 10 अप्रैल को सिंधु समाज द्वारा प्रस्तावित शोभा यात्रा को ऐतहासिक स्वरूप दिया जा सके, इसके लिए संत हिरदाराम नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने यहां के सभी व्यापारिक संगठनों से अपना कारोबार बंद रखकर शोभा यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### संस्थाओं को लिखा पत्र

सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश ईसरानी एवं महासचिव सुरेश जसवानी ने इसके लिए संत हिरदाराम नगर की कपड़ा व्यापारियों की अग्रणी संस्था थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष के अलावा बर्तन व्यापारी संघ, किराना व्यापारी संघ, दाल तेल एवं अनाज व्यापारी संघ, हार्ड वेयर व्यापारी संघ एवं सर्राफा एसोसियेशन के अध्यक्षों को बाकायदा लिखित में पत्र लिखकर सिंधु समाज द्वारा 10 अप्रैल को अपरान्ह 4 बजे आयोजित बहिराणा साहिब, अखण्ड ज्योति के बाद शाम 5 बजे निकलने वाली शोभा यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है। चन्द्रप्रकाश ईसरानी एवं सुरेश जसवानी ने इन सभी व्यापारिक संस्थाओं से उस दिन अपना सम्पूर्ण कारोबार बंद रखने का भी आग्रह किया है।

### घर घर जलाएं दिये

सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने संत हिरदाराम नगर के सभी रहवासियों से भगवान झूलेलाल जयंती 10 अप्रैल को अपने अपने घरों में दिये जलाने का भी आग्रह करते हुए जबरदस्त एकता का परिचय देने का आव्हान किया है।

# संत महात्माओं और नेताओं से मिली कन्नू ईसरानी की टीम मांगा आशीर्वाद और सहयोग




**विजय मत, ब्यूरो, संत नगर**



भगवान झूलेलाल जी के अवतरण दिवस चेट्रीचंड (चैतीचांद) के पावन पर्व पर संत नगर भोपाल में सिंधु समाज द्वारा निकलने वाली शोभायात्रा दिनांक 10 अप्रैल 2024 तथा भव्य सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम 11 अप्रैल 2024 को सफल बनाने हेतु आयोजक सक्रिय होकर जहां नेताओं को आमंत्रण देने घर घर जा रहे हैं वहीं संत महात्माओं के दरबारों के साथ समाजसेवियों के निवास पर भी पहुंच रहे हैं। चैती चांद समारोह के संयोजक कन्हैयालाल इसरानी इस कार्य में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष श्री साबू रीझवानी का पूरा-पूरा सहयोग ले रहे हैं श्री रीझवानी भी अपने महासविव मधु चांदवानी के साथ दिन भर उनके साथ कम से कदम मिलाकर चल रहे हैं और पूरा सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसी कड़ी में टीम शोभायात्रा ने हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, भोपाल दक्षिण पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी जी से भगवान झूलेलाल की धर्मयात्रा में शामिल होने और सिंधु समाज के पदाधिकारियों व संत नगर के साथियों का साथ देने का आग्रह किया। इसके साथ ही टीम शोभायात्रा के सहयोगी दिनेश वाधवानी, नरेंद्र लालवानी, भरत आसवानी, मनोहर वीधानी, अमित बिनवानी, रमेश वाधवानी, साबूमल रीझवानी और कन्हैयालाल ईसरानी के साथ वेदांत संत लालसाईं जी के टेंपल आप संबोधि, जय महाराज, नारायण महाराज, भोले के दरबार के प्रमुख और कथा वाचक मुकेश महाराज, महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी से भी मिले। इन सभी महान हस्तियों से अपने अनुयायियों के साथ आयोजकों ने चेट्रीचंड की शोभायात्रा में शामिल होने और सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया।

**खास-खबर** भारतवर्ष और भारतवर्ष के अलावा जहां भी सिंधी समाज के लोग रहते हैं वहां धूमधाम से मनाई जाएगी

# द लायन सिटी की पहल 10 तारीख को कोई भूख में कोई दुख में ना हो

**विजय मत, ब्यूरो, संत नगर**



सबसे पुरानी सभ्यता, बोली सिंधी बोलने वाले सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान श्री झूलेलाल जी की जयंती हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी 10 अप्रैल को पूरे भारतवर्ष और भारतवर्ष के अलावा जहां भी सिंधी समाज के लोग रहते हैं वहां धूमधाम से मनाई जाएगी। कहीं छेज होंगे कहीं बेहराना साहीब होगा और कहीं शोभा यात्राऐ निकलेगे, हर कोई इस दिन को धूमधाम से मनाने का प्रयास करेगा उसी कड़ी में भोपाल की सामाजिक संस्था द लायन सिटी वेलफेयर सोसाइटी इस दिन को लोगों की मदद और सेवा के रूप में मनाएंगे यह जानकारी समिति के अध्यक्ष कमलेश रायचंदानी ने दी उन्होंने बताया कि, हमारे पूर्वजों के विस्थापन के बाद सिंधी समाज जमीन से आसमान पर पहुंचा है और अपनी कड़ी मेहनत से उसने कच्चे मकानो से महल तक का सफर तय किया है इसी के साथ देश विदेश में जहां भी सिंधी समाज है वहां उन्होंने ऐतिहासिक तरक्की करी है जिसकी प्रशंसा पूरी दुनिया करती है जहां एक और सिंधी समाज ने अभूतपूर्व ऐतिहासिक मुकाम हासिल किऐ हैं वहीं आज भी बड़ी संख्या में सिंधी समाज के ऐसे परिवार है जो आज भी एक समय के भोजन, दवाइयां और उनके बच्चे पढ़ाई के लिए तरस रहे हैं हमारी संस्था इसी कार्य को लगातार कई वर्षों से अपने जीवन का लक्ष्य मानकर करती आ रही है उसी कड़ी में हमारी द लाइन सिटी वेलफेयर सोसाइटी सिंधी समाज के हर नागरिक को हाथ जोड़कर आव्हान करती है कि जब हम किसी भी त्यौहार को धूमधाम से मना रहे हैं उसी के साथ-साथ हमारे समाज के जो ऐसे वर्ग है जो आज भी भोजन, मकान , दवाई और पढ़ाई के लिए मोहताज है उनकी और भी हमें ध्यान देना चाहिए वह भी हमारा परिवार है। तो इस 10 अप्रैल को हम कोशिश करें कि हमारे आसपास कोई भी उसे दिन भूख में ना सोए कोई ऐसा परिवार न छूटे जो भगवान श्री झूलेलाल जी के इस भव्य आयोजन को धूमधाम से अपने घर परिवार के साथ ना मना पाए इसी के साथ आने वाले समय में भी हमें इस और जरूर ध्यान देना चाहिए कि कम से कम हमारे आसपास ऐसे कोई परिवार है जिनके पास सर छुपाने के लिए मकान नहीं है, पेट भरने के लिए भोजन नहीं है, अपना इलाज करने के लिए साधन नहीं है और उनके बच्चों को पढ़ाई के लिए धन नहीं है तो ऐसे परिवार की हर संभव मदद हमें करना चाहिए। द लॉयन सिटी वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष कमलेश रायचंदानी के साथ उपाध्यक्ष कैलाश साधवानी, महासचिव जितेश सदारंगानी, सचिव मुन्ना आडतानी, मीडीया प्रभारी प्रकाश तनवानी, सचिव गणेश पुरिया, संस्कृत सचिव रमेश कुमार कृष्णनानी, संस्कृत सचिव डा ज्ञान रावतानी, आडीटर राजू मोतियानी, सह आडीटर हरीश कुमार लालवानी, जय आसनानी, राकेश आदनानी, हेमंत हिंगोरानी, हर्ष चेतविनी, विशाल जगवानी, सुनील बनवानी आदी जय श्री झूलेलाल भगवान।

# झूलेलाल चालीहा साहिब समिति द्वारा किया गया उत्कृष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान

**भगवान झूलेलाल की आरती के साथ हुआ सम्मान**

**विजय मत, ब्यूरो, संत नगर**



झूलेलाल चालीहा साहिब समिति एच वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में दिनांक 05 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार पापमोचनी एकादशी के पावन पर्व पर झूलेलाल महाराज जी का अखा साहिब, झूलेलाल महाराज जी की आरती, पल्लव एवं प्रसादी वितरण किया गया। अंत में झूलेलाल चालीहा साहिब समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम हरचंदानी जी द्वारा समाज में नेक कार्य करने वालो का सम्मान किया गया। जिसमें बाक्सिंग कोच सोनम नायक जो कि संत हिरदाराम नगर की गोल्ड मेडलस्टि अन्य देशों में जाकर बाक्सिंग ट्रेनिंग देती है। मोनिका कापसे जो कि खजूराहो में मेराथान रेस में प्रथम श्रेणी में आई।

तनिषा आसनानी पुत्री श्री जितेन्द्र आसनानी जो कि मध्यप्रदेश से वेट लिफ्टिंग में प्रथम स्थान पर आकर संत नगर का नाम रोशन किया एवं बजरंग सेना समिति के मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, अध्यक्ष कमलेश देवानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, प्रभु मूलचंदानी, पं0 राजकुमार गर्ग, जीतू शिवनानी, नरेन्द्र टहलानी, महेश दरयानी, गुरदास रामचंदानी, जगदीश सांवले, राजकुमार धानुक, राजेश केवलानी का सम्मान किया गया।

संस्थापक
स्व. श्री रामसिपाही शुक्ल

## इस्लामोफोबिया से मुकाबिल संयुक्त राष्ट्र संघ: एक प्रशंसनीय पहल

कुछ सालों पहले संयुक्त राष्ट्र संघ में एक प्रस्ताव प्रस्तुत कर पाकिस्तान ने यह मांग की थी कि वर्ष के किसी एक दिन को ''इस्लामोफोबिया के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस'' घोषित किया जाए। उस समय कई देशों, जिनमें भारत भी शमिल था, ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि फोबिया अर्थात उनके प्रति डर के भाव से कई अन्य धर्म भी पीड़ित हैं। प्रस्ताव का विरोध करने वाले देशों की संख्या कम थी और संयुक्त राष्ट्र संघ ने अंततः 15 मार्च को इस्लामोफोबिया के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित कर दिया। दुर्भाग्यवश, पिछले महीने इस दिवस पर कोई चर्चा नहीं हुई। इस साल संयुक्त राष्ट्र संघ ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए इस मांग को स्वीकार कर लिया है कि इस्लामोफोबिया से मुकाबला करने के लिए विशिष्ट कार्यवाहियाँ करने हेतु विशेष दूत की नियुक्ति की जाए। यह मांग भी पाकिस्तान की ओर से आई थी और इसका भी भारत सहित कई देशों ने विरोध किया था। प्रस्ताव पर बोलते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत टी.एस. तिरूमूर्ति ने कहा कि पूरी दुनिया में धर्मों और पंथों पर लक्षित हिंसा में बढ़ोत्तरी हो रही है। कुछ लोग यहूदियों के विरूद्ध हैं, कुछ ईसाईयों के और कुछ हिन्दुओं के। बौद्धों और सिक्खों के विरूद्ध हिंसा की घटनाएँ भी होती रहती हैं। उनके अनुसार दुनिया में बहुत से फोबिया हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम सब जानते हैं कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 16 नवम्बर को सहिष्णुता दिवस घोषित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि बहुवाद इन सभी फोबिया से निपटने के लिए पर्याप्त है और इस्लामोफोबिया के लिए अलग से कुछ किये जाने की जरूरत नहीं है। सच क्या है? क्या अन्य धर्मों के खिलाफ फोबिया और इस्लामोफोबिया में कोई फर्क है? यह सही है कि दुनिया में अलग-अलग धर्मों के लोगों को दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में फोबिया का सामना पड़ा है। अगर हम दक्षिण एशिया की बात करें तो श्रीलंका में तमिल हिन्दुओं और पाकिस्तान में सभी हिन्दुओं को प्रताड़ित किया गया। इसी तरह श्रीलंका, पाकिस्तान और भारत में भी ईसाई प्रताड़ित किये गये हैं। वर्तमान में तालिबान-शासित अफगानिस्तान में रह रहे सिक्ख हर तरह से परेशान हैं। तो फिर इस्लामोफोबिया अन्य धर्मों के प्रति फोबिया से इतना अलग क्यों है कि संयुक्त राष्ट्र संघ को उससे मुकाबला करने के लिए एक विशेष दिवस की घोषणा करनी पड़ी और एक विशेष दूत नियुक्त करना पड़ा? यह हमारा दुर्भाग्य है कि वर्तमान में वैश्विक राजनीति पर पहचान से जुड़े मुद्दों का वर्चस्व है। श्रीलंका में लिट्टे के सदस्यों के दमन के पीछे नस्लीय मुद्दे थे।

> "विमर्श या नैरेटिव के नाम पर भारत में एक अघोषित युद्ध चला हुआ है। इन दिनों भारत में चल रहा यह विमर्श शुद्ध राजनैतिक है। राजनीति और कुछ नहीं समाज का एक संक्षिप्त प्रतिबिंब ही है। विमर्श में यह प्रतिबिंब विषय व समयानुसार कुछ छोटा या बड़ा होता रह सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार परिवार के राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी की राजनीति को यदि हम सामाजिक प्रतिबिंब के रूप में देखें तो हमें वैचारिक प्रतिबंधों, वर्जनाओं और सीमाओं से मुक्ति मिल जाती है। वैचारिक दृष्टि से देखें तो भाजपा एकमात्र ऐसा भारतीय राजनैतिक दल है जो विदेशी वैचारिक दासता से मुक्त है। भाजपा का विचार वही है जो भारत का चिरंतन विचार रहा है।"

# भाजपा: वैचारिक विश्व में एक चमकता नक्षत्र

**प्रवीण गुगनानी**

भाजपा आज भी अपने संघी ध्रुव पर, एकात्म मानववाद पर, अन्त्योदय पर, राममंदिर पर, समान नागरिक संहिता पर और ऐसे अनेक विषयों पर अंगद और अटलभाव से खड़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर सत्ता प्राप्ति को बैचेन भाजपा से इतर के दल आजकल अपना वैचारिक आधार बनाना ही नहीं चाहते हैं। भाजपा अपने चिर परिचित हिन्दुवशील आग्रहों पर अंगद, अटल है। नवीन व पुरातन का अभिनव संगम हो गई है भाजपा। वस्तुतः आरएसएस ने भाजपा के माध्यम से राजनीति एक विशाल, विराट व मुक्त वैचारिक कैनवास हमें दिया है। हम भारत के राजनैतिक, अराजनैतिक और यहां तक की हम भाजपा के लोग भी भाजपाई राजनीति को सही शब्दों में संपूर्णतः व्यक्त नहीं कर पाते हैं। यह अव्यक्तिकरण इसलिए नहीं है कि भाजपाई नेतृत्व के पास या भाजपा के आलोचकों के पास शब्दों या समझ का अभाव है। यह अव्यक्तिकरण इसलिए है कि भाजपा का सर्वसमावेशन, सर्वस्पर्शन और सर्वव्याप्तिकरण का लक्ष्य समाज में तीव्रता से आ रहे परिवर्तनों के साथ साथ त्वरा भाव से उर्वर, अद्यतन होकर अपडेशन के साथ सदैव व स्वमेव ही हमारे समक्ष प्रस्तुत हो जाता है। तेजी से बदलते समाज में एक तीव्र और तेज वैचारिक अपडेशन को अपनाना यही भाजपा का देश भर में सत्तासीन होने का अंतर्तत्व है। यह तो निर्विवाद रूप से सभी मानते हैं कि पिछले तीन दशकों में विशेषतः पिछले दशक का भारत सौ वर्षों के परिवर्तनों को समेटे हुए है। भाजपा का वैचारिक तंत्र इस तीव्र, तेज, तीक्ष्ण सामाजिक परिवर्तन को सौम्यता से प्रकट करने का सबसे बड़ा भारतीय संस्थागत ढांचा बन गया है। यहां सौम्य शब्द का प्रयोग इसलिए है क्योंकि इस तेज युग के तीव्र सामाजिक परिवर्तनों के समय में सौम्य बने रहना तनिक कठिन और कष्टप्रद होता है किंतु भाजपा की सौम्यता है की जाती ही नहीं। भाजपा को यह सौम्यता संघ से मिलती है। संघ से इस सौम्यता को ग्रहण कर लेने की मशीन है पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का एकात्म मानववाद का सिद्धांत। एकात्म मानववाद का सिद्धांत भाजपा की रीढ़ है। भाजपा अपनी रीढ़ की रक्षा करना और रीढ़ पर टिके रहना दोनों भलीभांति सीख गई है। यही भाजपा नामक वटवृक्ष का फोटो सिंथेसिस प्रोसेस अर्थात प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया है। मोटी दृष्टि से देखें तो भारत में राजनीति की चार धाराएं हैं। भाजपा, कांग्रेस, वामपंथ और समाजवाद। भाजपा स्वयं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार से उपजी एक राजनैतिक धारा है। इसने अपने कोई डमी या छद्म रूप उत्पन्न नहीं किए। शेष तीन राजनैतिक विचार अपने डमी उत्पन्न करके छल करते रहते हैं। जैसे कांग्रेस से तृणमूल कांग्रेस या राष्ट्रवादी कांग्रेस। कांग्रेस, वामपंथ व समाजवाद ने सकारात्मक विमर्श तो कम उपजाए किंतु नकारात्मक विमर्शों में ये लोग मास्टर ऑफ द मास्टर्स हो गए हैं।



भाजपा के बड़े स्तर पर सत्तासीन हो जाने से लोग बहुधा एक बात कहते हैं; अरे, अब यह ÷पार्टी विद डिफ़रेंस÷ नहीं रही। विरोधी दल स्वानंद के लिए यह कह लें किंतु भाजपा आज भी ÷पार्टी विद डिफ़रेंस÷ ही है!! भाजपा में अनेक दलों से करोड़ो कार्यकर्ता आकर सम्मिलित हुए हैं, लाखों पदाधिकारी आए, हजारो सांसद विधायक आये; किंतु क्या भाजपा ने क्या मंदिर को छोड़ा? कश्मीर को छोड़ा? सामान नागरिक संहिता को छोड़ा? तुष्टिकरण के विरुद्ध अभियान को छोड़ा? हिंदुत्व के आग्रह को छोड़ा? आप पिछले एक दो दशक में सभी भारतीय दलों दलों द्वारा विकसित किये गए विमर्शों को जांचे तो पता चलेगा की वैचारिक दृष्टि से शेष दल सुविधाभोगी हो गए हैं किंतु भाजपा ने अपना वैचारिक आग्रह नहीं छोड़ा। भाजपा ने दूसरे दलों से कार्यकर्ता, पदाधिकारी, विधायक, सांसद अपने दल में लिए अवश्य किंतु आने वाले व्यक्ति और उनके विचार बदले हैं भाजपा का वैचारिक आग्रह नहीं बदला है। भाजपा आज भी अपने संघी ध्रुव पर, एकात्म मानववाद पर, अन्त्योदय पर, राममंदिर पर, समान नागरिक संहिता पर और ऐसे अनेक विषयों पर अंगद और अटलभाव से खड़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर सत्ता प्राप्ति को बैचेन भाजपा से इतर के दल आजकल अपना वैचारिक आधार बनाना ही नहीं चाहते हैं। वो कभी इस डाल पर तो कभी उस डाल पर बैठते हैं। वो विचार बदलते हैं, परिवार बदलते हैं, आधार बदलते हैं और नौ सौ चूहे खाकर कभी हज को तो कभी हरिद्वार को जाने का प्रपंच करते हैं। कांग्रेस कम्युनिस्ट होकर कटुक, बिटूक गई है। कम्युनिस्ट लोग इस्लामिस्ट होने का ढोंग रच रहे हैं। साम्यवादी समाजवादी तो पता नहीं क्या क्या प्रपंच कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात सत्तासीन होने के लिए ये लोग भारतीयता को छोड़ने में अव्वल सदा रहते हैं। ÷भारतीयता को छोड़ना÷ इस एक बड़े शब्द का प्रयोग यहां किया है, किंतु आपके समक्ष कांग्रेस जनित आपातकाल और तुष्टिकरण के बाद के कालखंड के कुछ सामाजिक संदर्भ रख रहा हूं, थर्मामीटर लगाकर चैक करें कि इन संदर्भों में भाजपा से इतर वाले राजनैतिक दलों ने कितनी तेजी से सत्ता के लिए अपनी केंचुली बदली है। जनजातीय को हिंदुओं से अलग बताना, जैन और लिंगायत जैसे कुछ अन्य समुदायों को अलग धर्म या अल्पसंख्यक कराना, शाहबानों प्रकरण में न्यायालय के निर्णय को बदलना, एक देश दो विधान, आर्य अनार्य का वितंडा उपजाना, राममंदिर को संघ भाजपा का कार्यालय बताना, अयोध्या निर्माण में बाधाएं उत्पन्न करना, रामेश्वर रामसेतु के विध्वंस हेतु मशीनों का बेड़ा भेजना, श्रीराम को काल्पनिक बताना, ऐन दीवाली की रात्रि को पूज्य शंकराचार्य की गिरफ्तारी, देश में कोविड वेक्सिन को भाजपा की वेक्सिन कहकर विरोध करना, विदेशों में वेक्सिन डिप्लोमेसी का विरोध करना, नक्सलवाद, खालिस्तान, बोडो, माओइज्म, अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध करना, पंडित विहीन कश्मीर, दक्षिण राज्यों में हिंदी विरोध के आधार पर राजनीति, भाषायी विभाजन, भीम मीम गठजोड़, मंडल-कमंडल, पूर्वोत्तर राज्यों में अलगाव, गुरमेहर कौर विवाद, चीन के साथ भारत के विवाद या संघर्ष में चीन की ओर झुकाव बताना जैसे कई कई मुद्दे हैं। ये और इन जैसे अनेक अन्य मुद्दों पर भारत के तथाकथित बुद्धिजीवी व प्रगतिशील राजनीतिक तत्वों ने सदैव ही राष्ट्र की मूलभावना के विपरीत आचरण प्रस्तुत किया है। भारत की परिवार परम्परा और विवाह परम्परा के विरुद्ध इनके षड़यंत्र आए दिन नए नए रूप में देश के प्रत्येक भाग में उभरते रहते हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## भगवान राम के आदशों से मिली आजादी

**संजय गोस्वामी**

राम केवल एक नाम भर नहीं, बल्कि वे जन-जन के कंठहार हैं, मन-प्राण हैं, जीवन-आधार हैं। उनसे भारत अर्थ पाता है। वे भारत के प्रतिरूप हैं और भारत उनका। उनमें कोटि-कोटि जन जीवन की सार्थकता पाता है। भारत का कोटि-कोटि जन उनकी आँखों से जग-जीवन को देखता है। उनके दृष्टिकोण से जीवन के संदर्भों-परिप्रेक्ष्यों-स्थितियों-परिस्थितियों-घटनाओं-प्रतिघटनाओं का मूल्यांकन-विश्लेषण करता है। भारत से राम और राम से भारत को विलग करने के भले कितने कुचक्र-कलंक रचे जाएँ, भले कितनी वामी-विदेशी चालें चली जायँ, यह संभव होता नहीं दिखता। क्योंकि राम भारत की आत्मा हैं। राम भारत के पर्याय हैं। राम निर्विकल्प हैं, उनका कोई विकल्प नहीं। जिस प्रकार आत्मा को शरीर से और शरीर को आत्मा से कोई विलग नहीं कर सकता, उसी प्रकार राम को भारत से विलग नहीं किया जा सकता। राम के सुख में भारत के जन-जन का सुख आश्रय पाता है, उनके दुःख में भारत का कोटि-कोटि जन आँसुओं के सागर में डूबने लगता है और वे अश्रु-धार भी ऐसे परम-पुनीत हैं कि तन-मन को निर्मल बना जाते हैं। अश्रुओं की उस निर्मल-अविरल धारा में न कोई ईर्ष्या शेष रहती है, न कोई अहंकार, न कोई लोभ, न कोई मोह, न कोई अपना, न कोई पराया। कैसा अद्भुत है यह चरित-काव्य, जिसे बार-बार सुनकर भी और सुनने की चाह बची रहती है और रसपान की प्यास बनी की बनी रह जाती है! कैसा अद्भुत है यह नाम जिसके स्मरण मात्र से नयन-चकोर उस मुख-चंद्र की ओर टकटकी लगाए एकटक निहारते रह जाते हैं! उस चरित्र को अभिनीत करने वाले, उस चरित्र को जीने वाले, लिखने वाले हमारी आत्यंतिक श्रद्धा के सर्वोच्च केंद्रबिंदु बन जाते हैं। उसके सुख-दुःख, हार-जीत, मान-अपमान में हमें अपना सुख-दुःख, हार-जीत, मान-अपमान प्रतीत होने लगता है। उसकी प्रसन्नता में सारा जग हँसता प्रतीत होता है और उसके विषाद में सारा जग रोता। लाख प्रयासों के पश्चात भी जिसे परिजनों की दृष्टि से ओझल न रख पाया जाय, भावनाओं के उस तीव्रतम वेग का अनुमान आप सहज ही लगा सकते हैं। और कई बार मेरा मन यह भी पूछता है कि जिन करोड़ों लोगों के मन-प्राण जिस एक चरित्र में प्रतिपल लीन हों, भाव-विभोर हों, आख़िर किन षड्यंत्रों के अंतर्गत उसे काल्पनिक बताने का घनघोर अपराध किया जाता रहा है ?जब किसी धर्म में उड़ने वाला घोड़ा क़ब्र से निकलकर इशू जिन्दा आ सकते हैं तो भगवान राम क्यों नहीं आखिर हमारा भारत क्यों पीछे रहा इसका एक मात्र कारण है भगवान श्री राम को काल्पनिक समझना भगवान श्री राम नहीं आप काल्पनिक हो क्योंकि आपका संसार से विदाई तय है और जो भी प्राप्त कर रहे हैं उसका नष्ट होना तय है सही मायने में भगवान श्री राम ने ही आजादी दिलाई अगर ऐसा नहीं तो श्री गुरु गोविन्द सिंह जी भगवान राम के रूप में क्यों दर्शन दिए ऐ आपको पाठ्यक्रम में पढ़ाई नहीं गई लेकिन गुरु ग्रन्थ साहिब में इसका उल्लेख है तख्त श्री हरमंदिर साहिब जी पटना से कुछ सौ मीटर से अधिक दूरी पर गुरुद्वारा गोबिंद घाट नहीं है। गुरुद्वारा उस स्थान को चिह्नित करता है जहां भगवान राम के भक्त पंडित शिव दत्त को गोबिंद राय के रूप में भगवान के दिव्य दर्शन मिले, जब पंडित शिव दत्त हर रोज कंगन घाट में नित्य गंगा किनारे भगवान श्री राम का पूजन करता था और भगवान श्री राम पर चढ़ाया हुआ प्रसाद गायब हो जाता था जिसे 5साल के गुरु गोविन्द पंडित जी के ध्यान लगाते ही सब लेकर सभी को बाँट देते थे लेकिन एक दिन पंडित शिवदत्त ने देख लिया और पूछा बेटा क्यों ऐसा करते हो तब श्री गुरु गोविन्द राय ने उत्तर दिया आप तो चढ़ाते हो मैं उसे दीन दुःखी को बाँट देता हुँ फिर उन्हें आँखे बन्द करने को कहा और पुनः खोलने को कहा तो बालक को पंडित शिवदत्त ने भगवान श्री राम के रूप में देखा और तब से पंडित शिवदत्त उनका भक्त बन गए गुरूजी ने मुग़ल शासक औरंगजेब को धुल चटाई उसमें उनका पूरा परिवार ही शहीद हो गया लेकिन वो बिलकुल नहीं घबराये और मुगलों को उखाड़ फेंका औरंगजेब को पत्र भी भिजवाया की तुम्हारे क्रूरता का अंत हो गया जिसे जफ़रनामा के नाम से जाना जाता है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## नारी का सम्मान और भाषा की गरिमा

**किरण चोपड़ा**


जिस देश में महिला सशक्तिकरण पर सबसे ज्यादा फोकस किया जाता हो, जिस देश में महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में पुरुषों से आगे हों, बिजनेस, व्यापार, जमीन से आसमान तक, सड़क से संसद तक महिलाओं का बोलबाला हो वहां महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां, यह सिलसिला आखिरकार कब रुकेगा। ठीक है कि चुनाव चल रहे हैं और जीतने के लिए मुद्दे बनाए भी जाने चाहिए लेकिन यह कौन सा तरीका हुआ कि एक महिला के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की जायें और वह भी सोशल मीडिया पर। कंगना रनौत हो या ममता बैनर्जी हों। किसी भी सैलिब्रिटी के खिलाफ, किसी भी महिला के खिलाफ किसी को अभद्र टिप्पणी करने का क्या अधिकार है। मेरा मानना है कि महिलाओं के सम्मान की मर्यादा का ध्यान तो रखा ही जाना चाहिए। कभी महिलाओं की ड्रेस को लेकर टिप्पणियां, कभी यौन शौषण या रेप जैसी घटनाएं हो जाने पर नेताओं की अभद्र टिप्पणियां, यह सब कुछ ऑन दा रिकॉर्ड है। यह कब तक चलेगा? आखिरकार किसी के बारे में अपशब्द बोलना कहां तक जायज है। हमारी मां-बहनें-बेटियां उनकी भी तो कोई इज्जत है। कोई?भी व्यक्ति चाहे वह हिरोइन हो या वह नृत्यांगना हो और कल को वह राजनीति में आ जाती है तो कांग्रेस की प्रवक्ता श्रीनेत को अभद्र टिप्पणी करने का कोई हक नहीं है। यह जान लेना चाहिए कि जिस देश में नारी को शक्ति माना जाता हो और इसी की तर्ज पर सरकार महिला सशक्तिकरण पर सारा फोकस कर रही हो ऐसे में उसके खिलाफ अभद्र टिप्पणियां यह बात भारतीय लोकतंत्र में स्वीकार नहीं है।

दुनिया के नक्शे पर भारत को सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश और मंदिर के रूप में देखा जाता हो वहां चुनावों के दौरान कंगना रनौत पर फब्तियां कसना या पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी के बारे में भाजपा के दिलीप घोस गंदी बातें कहें तो यह स्वीकार नहीं किया जा सकता। हालांकि चुनाव आयोग ने इन दोनों ही मामलों में कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और भाजपा नेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है लेकिन स्त्री और पुरुष के बीच जब भेद खत्म हो रहा हो तो ऐसी टिप्पणियां क्यों की जाती हैं यह पता लगाना जरूरी है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। सोशल मीडिया पर महिलाओं को लेकर कई बार यह मांग उठी है कि वे भी हमारी मां-बहन-बेटियां हैं इसलिए चुनावों में भाषा पर नियंत्रण तो होना ही चाहिए। उन्हें पुरुष के बाराबर माना गया है लेकिन मेरा मानना है कि बराबरी का यह दर्जा?केवल किताबों में सिमट कर रह गया है और आज पुरुष प्रधान समाज की मानसिकता वहीं की वहीं है। दुःख इस बात का है कि बेटी कंगना रनौत के खिलाफ टिप्पणी एक महिला ने ही की है। नारी की जिंदगी तो वैसे ही एक अलग दायरे और अलग मर्यादा में सिमटी हुई है। भारतीय नारी को शालीनता का दर्जा दिया गया है। महिलाएं आज आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। पंचायत की राजनीति से लेकर संसद तक और राष्ट्रपति की कुर्सी तक पहुंच चुकी हैं लेकिन अब उन्हें किसी भी बंधन में नहीं रखा जा सकता। आने वाले दिनों में जो लोग महिलाओं पर टिप्पणियां करते हैं इसे लेकर जो कानून पहले से बने हुए हैं उन्हें लागू करने की जरूरत है। चाहे कांग्रेस का नेता हो या भाजपा या किसी और पार्टी का अगर किसी भी महिला के खिलाफ या कोई महिला ही किसी महिला के खिलाफ टिप्पणी करती है तो उस पर एक्शन जरूरी है और कार्यवाही तुरंत की जानी चाहिए तभी बात बनेगी। अगर नारी की मान-मर्यादा को हम स्वीकार नहीं कर सकते। कल को कोई भी महिला या पुरुष टिप्पणी करे और चीजें सोशल मीडिया पर वायरल हो जायें तो इससे नारी के सम्मान को और भी ठेस पहुंचती है। जिस देश में नारी को लक्ष्मी, काली, सरस्वती और दुर्गा के रूप में स्वीकार किया जाता हो, जहां नारी की पूजा होती हो वहां देश की आजादी के बाद अभी भी नारी पर भद्दी टिप्पणियां की जाती हों तो वह रोकी जानी चाहिए। जिस लोकतंत्र में चुनावों को पर्व कहा जाता हो और वहां चुनावों के मौके पर ऐसी गंदी टिप्पणियां की जाती हों तो देश का गौरव और महिलाओं का सम्मान सब खत्म हो जायेगा। यह एक गंभीर चेतावनी नहीं बल्कि नारी के सम्मान की सुरक्षा को लेकर चिंता करने की बात है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## दैनिक पंचांग

**08 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.06 बजे से |
| चंद्र | मीन में | वृष | 07.46 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 09.44 बजे से |
| बुध | मेष में | कर्क | 11.58 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 14.14 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.26 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.37 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.51 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.07 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.13 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | कुंभ | 02.59 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.32 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 99 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** अमावस्या 23.51 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 10.13 बजे को समाप्त। **योग** इन्द्र 18.14 बजे को समाप्त। **करण** चतुष्पद 13.36 बजे तदनन्तर नाग 23.51 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 07° 18' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871943 **जूलियन दिन** 2460408.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रमजान **तारीख** 28 **विशेष** चैत्र अमावस्या, सोमवती अमावस, सूर्य ग्रहण, विश्व बंजारा दिवस।


| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सच्चे ज्ञानी की विशेषता

व्यक्ति सत्संगति से तीन वस्तुओं को-शरीर, शरीर का स्वामी या आत्मा तथा आत्मा के मित्र को- एक साथ संयुक्त देखता है, वही सच्चा ज्ञानी है। जब तक आध्यात्मिक विषयों के वास्तविक ज्ञाता को संगति नहीं होती, वे अज्ञानी हैं, वे केवल शरीर को देखते हैं, और जब यह शरीर विनष्ट हो जाता है, तो समझते हैं कि सब कुछ नष्ट हो गया। लेकिन वास्तविकता यह नहीं है। शरीर के विनष्ट होने पर आत्मा तथा परमात्मा का अस्तित्व बना रहता है, और वे अनेक विविध चर तथा अचर रूपों में सदैव जाते रहते हैं। कभी-कभी संस्कृत शब्द परमेर का अनुवाद जीवात्मा के रूप में किया जाता है, क्योंकि आत्मा ही शरीर का स्वामी है और शरीर के विनाश होने पर वह अन्यत्र देहांतरण कर जाता है। इस तरह वह स्वामी है। लेकिन कुछ लोग इस परमेश्वर का अर्थ परमात्मा लेते हैं। प्रत्येक दशा में परमात्मा तथा आत्मा दोनों रह जाते हैं। वे विनष्ट नहीं होते। जो इस प्रकार देख सकता है, वही वास्तव में देख सकता है कि क्या घटित हो रहा है। जीव, अपना भौतिक अस्तित्व स्वीकार करने के कारण अपने आध्यात्मिक अस्तित्व से पृथक स्थित हो गया है। किंतु यदि वह यह समझता है कि परमेश्वर अपने परमात्मा स्वरूप में सर्वत्र स्थित हैं, अर्थात यदि वह भगवान की उपस्थिति प्रत्येक वस्तु में देखता है, तो वह विघटनकारी मानसिकता से अपने आपको नीचे नहीं गिराता, और इसीलिए वह प्रमश- वैकुण्ठ-लोक की ओर बढ़ता जाता है। सामान्यतया मन इंद्रियतृप्तिकारी कार्यों में लीन रहता है, लेकिन जब वही परमात्मा की ओर उन्मुख होता है, तो मनुष्य आध्यात्मिक ज्ञान में आगे बढ़ जाता है। यह शरीर परमात्मा के निर्देशानुसार प्रकृति द्वारा बनाया गया है और मनुष्य के शरीर के जितने भी कार्य संपन्न होते हैं, वे उसके द्वारा नहीं किए जाते। मनुष्य जो भी करता है, चाहे सुख के लिए करे या दुख के लिए, वह शारीरिक रचना के कारण उसे करने के लिए बाध्य होता है।

## शब्द पहेली - 7970



**बाएँ से दाएँ**

1. अधिकार-2
3. समुद्र, दरिया-3
6. आनंद, रस-2
8. दबाना, कुचलना-3
10. गुंडा, बदमाश-3
12. पासों से भविष्य जानना-3
14. नाप जोख करना-3
17. जलजला-3
19. असफल-3
21. मगन, रत-2
23. व्यक्ति, जीव-3
25. सम्राट, नरेश-2
26. कार्य करने वाला-3
28. उपनदी, कैनाल-3
30. मां का प्रेम-3
32. पढ़ना, अध्ययन-3
35. पक्षाघात, फालिज-3
37. सेनापति-3
39. दूल्हा, वरदान-2
40. पक्ष, एक ओर-3
41. भीगा हुआ

**ऊपर से नीचे**

1. सीमा, सरहद-2
2. कटि, मध्यांग-3
4. दुख, कष्ट-2
5. गमन, विदा होना-3
7. शराब का प्याला-2
9. एक नमकीन लवण-3
11. आलेप करना-3
13. बोलने का तरीका-3
15. अयोग्य, बेकार-3
16. तहजीब, तमीज-3
18. रत्न, बहुमूल्य नग-3
20. व्यंग, परिहास-3
22. मुलायम, नाजुक-3
24. कॉफी-3
27. पंकज, नीरज, जलज-3
29. निर्माण-3
31. बल, दम, जोर-3
33. नेत्र, आंख-3
34. नौका-2
36. घात, प्रहार-2
38. जरा, थोड़ा-2

**शब्द पहेली -7969 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | द | न | | चा | त | क | | त |
| | र्श | | क | ल | ह | | र | वा |
| ता | न | | ह | | खा | लि | स | |
| क | | का | र | खा | ना | | भ | |
| त | री | का | | विं | | श | रा | रा |
| | मी | | अ | द | र | क | | ज |
| | से | ह | रा | | ह | | आ | न |
| जा | न | | ज | ही | न | | स | |
| म | | म | क | र | | स | न | म |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6755

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6754 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## न्यूज इन शॉर्ट



### 5 साल की बच्ची ने रखा पहला रोजा, नमाज अदाकर मुल्क में अमन-चैन की मांगी दुआ

शहडोल। खुदा से प्रेम और इबादत के लिए कोई उम्र नहीं होती। रमजान माह में रोजेदार रोजा रखकर खुदा की इबादत कर रहे हैं। इसमें बच्चे भी पीछे नहीं हैं। ऐसी ही शहडोल जिले की रहने वाली 5 साल की नन्ही सनाया फातमा रोजा रखकर नमाज अदा की और देश में अमन-चैन की दुआ मांग की।जिले के धनपुरी की रहने वाली सनाया फातमा 5 साल की उम्र में अपने जीवन का पहला रोजा रखा है। जो काबिले तारीफ है। बच्ची ने बताया कि रोजा रखकर खुदा से दुआ मांगी है कि देश-दुनिया में अमन शाति कायम रहे और सभी लोग मिल जुलकर रहे।, माहे रमजान में नन्हे बच्चियों के रोजा रखना और इबादत करने को लेकर परिजनों सहित आसपास के लोगों ने भी काफी खुशी जाहिर की है।

चिलचिलाती गर्मी में बड़े उम्र के लोग बड़ी मुश्किल से रोजा रख पाते हैं। ऐसे में इस बच्ची के बुलंद हौसले काबिले तारीफ है। सनाया ने पहला रोजा रखकर नमाज अदा की और अल्हाताला से देश में अमन चैन की दुआ मांगी है। रोजा रखने के साथ साथ सनाया अपनी पढ़ाई भी बखूबी करती है।

### जिला बदर आरोपी को किया गया गिरफ्तार

शहडोल। जिले के आदतन अपराधियों एवं गुंडा बदमाशों पर प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभा थाना प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्रांतर्गत सक्रिय आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को रोकने एवं कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में आरोपी देवेन्द्र उर्फ लल्लु विश्वकर्मा पिता भगवानदास विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष निण् पुरानी बस्ती धनपुरी के विरुद्ध उसकी आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाये जाने के संबंध में आरोपी के विरुद्ध मण्प्रण् राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला दंडाधिकारी महोदय शहडोल द्वारा जिला बदर करार किया गया था जो की जिसे शहडोल जिले की सीमा एवं पड़ोसी सीमावर्ती जिलों. उमरियाए अनूपपुरए सीधीए सतना से 06 माह कि अवधि के लिये निष्काशित किया गया था। आज दिनांक 07ण04ण24 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त जिला बदर आरोपी देवेन्द्र स्थानीय ज्वालामुखी मैदान में घूम रहा हैए जिसपर तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए दबिश देकर गिरफ्तार किया गया जो कि शासन के आदेश कि आव्हेलना करते हुए पाया गया। जिसके विरुद्ध थाना धनपुरी में अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश किया गया ।



### आंध्रप्रदेश से अयोध्या तक पैदलयात्रा करने बाला दल पंहुचा ब्योहारी

ब्योहारी। आंध्र प्रदेश से अयोध्या तक पैदलयात्रा कर रहे लोग आज पहुंचे ब्योहारी 16 मार्च को आंध्रप्रदेश से पैदल यात्रा शुरू कर उड़ीसा झारखंड छत्तीसगढ़ होते हुए मध्यप्रदेश में शहडोल जिले के ब्योहारी में आज दिनांक 07 मार्च दिन रविवार को पहुंचे जहां नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने फूलमालाओं से यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। आन्ध्र प्रदेश से अयोध्या तक सत्रह सदस्यीय पैदल यात्रीदल के भोजन व विश्राम की यहां आज पूरी व्यवस्था स्थानीय समाजसेवी नारेन्द्र पांडेय लल्लू ने की।

# मतदाता, लोकतंत्र के पर्व को उत्साह और उमंग के साथ मनाएं: कमिश्नर



**विजय मत, शहडोल।**

कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने शानिवार को अनूपपुर जिले के बरतरई में साप्ताहिक बाजार भ्रमण के दौरान मतदाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि सभी मतदाता मिलकर लोकतंत्र के महापर्व को उत्साह और उमंग के साथ मनाए, यह पर्व 5 साल में एक बार आता है। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग के सभी मतदाता 19 अप्रैल को मतदान केंद्र जाकर शत-प्रतिशत मतदान करें, कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि मतदान कर सच्चे नागरिक की पहचान बनाए। इस अवसर एडीजीपी ने भी सभी मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को सभी मतदाता निष्पक्ष होकर मतदान केंद्र में जाकर मतदान करें और लोकतंत्र के मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाए। एडीजीपी ने कहा कि हमें लोकतंत्र में समान रूप मताधिकार दिया गया है सभी के मतों का मूल्य एक सामान है हम सबको मत देने का अधिकार दिया गया है इसके महत्व को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता 19 अप्रैल की तिथि याद रखें तथा इस तिथि को मतदान केंद्र जाकर मतदान करें।

इस अवसर पुलिस अधीक्षक जीतेंद्र सिंह, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित अन्य अधिकारी व लोग उपस्थित थें।

### कमिश्नर एवं एडीजीपी ने अन्तर्राज्यीय चेक पोस्टों का किया निरीक्षण

कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद एवं एडीजीपी डीसी सागर ने शनिवार को अन्तर्राज्यीय छतई, मझौली चेक पोस्टों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने निर्देश दिए कि अन्तर्राज्यीय चेक पोस्टों में निगरानी दल संघन जांच करें तथा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर तत्काल कार्यवाही करें। कमिश्नर ने चेक पोस्ट के निरीक्षण के दौरान मतदाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय संविधान द्वारा मत देने का सबसे ब?ा अधिकार दिया गया। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें और 19 अप्रैल को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भूमिका निभाएं। निरीक्षण के दौरान एडीजीपी श्री डीसी सागर ने भी मतदाताओं से 19 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र जाकर मतदान करना चाहिए तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को सभी मतदाता मतदान केंद्र में जाए और स्वतंत्र और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक जीतेंद्र सिंह, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित अन्य अधिकारी व लोग उपस्थित थें।

## चिकित्सालय में पदस्थ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ईलाज के बदले पैसे मागने का आरोप

**विजय मत, उमरिया।**

मध्य प्रदेश की डॉ मोहन सरकार भले ही सुशासन के लाख दावे कर ले लेकिन दावों की पोल उमरिया जिला चिकित्सालय में खुलती नजर आ रही है। दरअसल जिला चिकित्सालय उमरिया में पदस्थ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रश्मि धनंजय के द्वारा इलाज के नाम पर जिला चिकित्सालय परिसर में खुलेआम रिश्वत लेने का मामला सामने आया है। उमरिया निवासी आयुष पांडे के द्वारा आरोप लगाते हुए बताया गया है कि डॉ रश्मि धनंजय के द्वारा लापरवाही पूर्वक उनकी बहन नैंसी पांडे का इलाज कुछ माह पूर्ण किया गया था और बिना बताए कॉपर टी डाल दी गई थी। अब जब दोबारा उनके पास इलाज के लिए वह पहुंचे तो कॉपर टी निकालने के नाम पर रश्मि धनंजय के द्वारा पैसों की मांग



की गई। पैसा नहीं दिए जाने पर वार्ड बॉय के द्वारा लगातार प्रेशर बनाकर के उनसे पैसा ले लिया गया। उक्त मामले की शिकायत आयुष पांडे के द्वारा कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन से की गई है। कलेक्टर उमरिया के संज्ञान मे आने के बाद उन्होंने सिविल सर्जन को मामले का संज्ञान लेकर कार्यवाही की बात कही है तो वही सिविल सर्जन उमरिया डॉक्टर के सी के द्वारा डॉक्टर रश्मि संजय को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। शिकायत सही पाए जाने पर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हम आपको बता डॉक्टर रश्मि धनंजय के द्वारा ईलाज के बदले पैसे लेने का यह कोई पहला मामला नहीं है जब जिला चिकित्सालय उमरिया में रिश्वत लेने का काम डॉक्टर के द्वारा किया गया हो। लगातार ऐसी कई शिकायतें मिलती चली आ रही हैं जिसमें जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर रश्मि धनंजय के द्वारा गरीब आदिवासी जनता से खुलेआम पैसा लेकर के इलाज करने का काम किया जाता है। देखने वाली बातें होगी कि अब प्रशासन किस तरह की कार्रवाई उक्त डॉक्टर के ऊपर करता है।

## मानपुर पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध की गई कार्यवाही



**विजय मत, उमरिया।**

लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निर्विध्न तरीके से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक उमरिया के निर्देशन में मानपुर पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही की गई। मानपुर पुलिस द्वारा 3 स्थानो पर रेड कार्यवाही कर कुल 105 लीटर अवैध शराब ( 63 ली. देशी प्लेन, 42 लीटर महुआ शराब ) जप्त किया गया। 1 आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट एवं 02 आरोपी के विरूद्ध 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निर्विध्न तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदिता नायडू व अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया द्वारा समस्त थाना/चौकी प्रभारियो को अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु अधिक से अधिक विधिसंगत कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। इसी कड़ी में थाना मानपुर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक उमरिया व अति. पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में एवं अनु. अधि. पुलिस उमरिया के मार्गदर्शन में टीम गठित कर मुखबिर की सूचना के आधार पर थानाक्षेत्रान्तर्गत कुल 3 स्थानो पर रेड कार्यवाही की गई, रेड कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम को कुल 105 लीटर अवैध शराब जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई जिस पर थाना मानपुर में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत 01 एवं 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत 02 प्रकरण आरोपियो के विरूद्ध दर्ज किये गए।

थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम नौगंवा में आरोपी शुभम पटेल पिता विजय पटेल उम्र 26 साल निवासी ग्राम नौगंवा के यहां रेड कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से 63 लीटर देशी प्लेन मदिरा जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया । थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर रोहनिया पेट्रोल पंप के पास मानपुर आरोपी शंकर प्रसाद यादव पिता स्व.रामस्वरुप यादव उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम पतौर चौकी ताला थाना मानपुर जिला उमरिया म.प्र.के कब्जे से 30 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया । थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर नरवार तिराहा में रोड किनारे दबिस दी जाकर आरोपी रामेश्वर जायसवाल पिता रामप्रसाद जायसवाल उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम नरवार चौकी ताला थाना मानपुर के कब्जे से कुल 12 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया । इस प्रकार मानपुर पुलिस टीम द्वारा 3 स्थानो पर रेड कार्यवाही कर 3 आरोपियो के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत विधिसंगत कार्यवाही कर आरोपियों के कब्जे से कुल 105 लीटर अवैध शराब ( 63 ली. देशी प्लेन, 42 लीटर महुआ शराब ) जप्त की गई ।

## धोखाधड़ी पर पुलिस द्वारा कार्यवाही कर आवेदक के खाते मे पैसो वापिस कराए

**विजय मत, उमरिया।**

आवेदक विक्रम साहू उम्र 30 साल निवासी उमरिया द्वारा सायबर सेल में एक इस आशय का लिखित शिकायत पत्र प्रस्तुत किया गया कि उसके द्वारा टी व्ही एस एंजेसी के माध्यम से 55 हजार रूपये का लोन लिया गया था जिसकी राशि उसके खाते में 5 अप्रैल 2024 को आई थी । खाते में पैसे आने के कुछ समय बाद ही आवेदक के पास कॉल आया कि आपके पास लोन के पैसे आये है या नही इसको सत्यापित करने है और सत्यापन के बहाने आवेदन के उसकी बैंकिग जानकारी और ओ टी पी लेकर आवेदक के साथ 50 हजार रूपये की धोखाधड़ी कर ली गई ।

उक्त शिकायत की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्यवाही शुरू कर सायबर सेल उमरिया द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक उमरिया श्रीमति निवेदिता नायडू को मामले से अवगत कराकर अग्रिम कार्यवाही की अनुमति प्राप्त की । पुलिस अधीक्षक उमरिया के निर्देशन में सायबर सेल उमरिया आवेदक के बैंक स्टेटमेंट की जांच की और पाया कि आवेदक के साथ हुई धोखाधड़ी में आवेदक के पैसो का उपयोग ऑनलाइन शॉपिग में किया गया है जिस पर सायबर सेल द्वारा उचित कार्यवाही कर उक्त लेनदेन का निरस्त कराकर आवेदक आवेदक के खाते में पैसे वापिस कराये जाने की प्रक्रिया को पूर्ण कराया गया । उमरिया पुलिस आमजन से अपील करती है कि वर्तमान में प्रचलित सभी तरह के फ्राड से बचने के लिये जागरूक रहे जागरूकता ही सर्वश्रेष्ठ बचाव है, अपनी व्यक्तिगत बैंकिंग जानकारी / ओ टी पी किसी के साथ भी शेयर न करें इसके बाबजूद किसी भी तरह की धोखाधड़ी हो जाने पर तुरंत नेशनल सायबर क्राइम हेल्पलाईन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराये ।

## कार्यक्रम

**हजारों श्रद्धालुओं के साथ उमड़ा जन सैलाब, कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे पार्षद पवन कुमार चीनी**

# पूर्णाहुति और भागवत कथा के सारांश और विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ महायज्ञ

**विजय मत, धनपुरी।**

धनपुरी नगर के अमराडंडी पुरानी बस्ती मुख्य मार्ग पुरानी शिव मन्दिर पर चल रहें श्री मद भागवत कथा का नौ दिवसीय कार्यक्रम का पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। निश्चित रूप से एक छोटे से कार्यक्रम के रूप में प्रारंभ होने वाले श्री विष्णु संगीतमय कथा एक विशाल रूप अपने आप में बन गया, जहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु गण पहुंचने लगे और धर्म के कार्य पर लग गए ,भक्तों की भीड़ देखकर ऐसा लग रहा था जैसे यहां स्वयं प्रभु का वास हो गया हो,ऐसा नहीं है कि पहले इस तरह के कार्यक्रम यहां पर संपन्न नहीं हुए हैं लेकिन कहते हैं कि कभी-कभी प्रभु साक्षात अपना रूप दिखा जाते हैं ऐसा ही श्रद्धालुओं का जलजला उमड़ पड़ा यह कार्यक्रम अपने आप में विशाल और भव्य नजर आ रहा था जहां पर शासन -प्रशासन के द्वारा बैरिकेड लगाकर लोगों के आवागमन का भी विशेष रूप से ध्यान रखा गया वहीं क्षेत्र के अनगिनत श्रद्धालु कई प्रकार आर्थिक ,शारीरिक, मानसिक रूप से भागवत कथा से जुड़े रहे तो कई लोगों ने गुप्त दान देकर श्रद्धा दिखाई और प्रतिदिन भंडारे का वितरण भी होता रहा जिसे कथा वाचक पंडित श्री राघव कृष्ण महराज श्री धाम वृन्दावन के वाचनों के बाद वितरण किया जाता रहा और लोग दूसरे दिन की राह जोहकर पहले से तैयार खड़े मिलते थे।

### भागवत कथा का सारांश और पूर्णाहुति के बखान-

वृंदावन से पधारे गुरु श्री राघव कृष्ण ने बताया कि भागवत कथा 7 दिनों तक चलता है और सप्ताह में 7 दिन भी होते हैं इसी तरह सब की मृत्यु भी किसी न किसी दिन होनी होती है चाहे वह सोमवार हो या बृहस्पतिवार कोई आठवां दिन अलग से तैयार नहीं होता है, और किस तरह



राजा परीक्षित और पंडित सुखदेव जी महाराज के भागवत कथा को सुनते हुए राजा परीक्षित को मौत का नजारा भी उन्हे अमृत सा लगने लगा ईस तरह से भागवत कथा सुनने से साक्षात हरि के नाम में इतना रम गए की स्त्रपित मृत्यु तक्षक नागदेव के भय का नाम भी ना रहा, इसी प्रकार कथा वाचक श्री राघव महाराज ने बताया कि देवो के देव महादेव होते है शिव का आशीर्वाद जिसे प्राप्त होता है , वह अकाल मृत्यु को भी परास्त कर सकता है। गुरुजी ने उदाहरण देते हुए बताया कि मारकंडे को 12 साल की अल्पायु उम्र में मौत होने का स्त्रप था लेकिन शिव की भक्ति में लीन मारकंडे को साक्षात शिव ने यमराज के सामने आकर मौत के मुंह से किस तरह मारकंडे को जीवन प्रदान करते हैं इसकी विशाल लीला पंडित श्री कथावाचक के द्वारा बताया गया जिससे सभी श्रोतागण अभिभूत हो गए और साथ ही श्री विष्णु लक्ष्मी नारायण की अद्भुत कथाओं का विशाल प्रारूप बखान किया। श्री विष्णु,श्री कृष्णा, श्री राम तीनों एक हैं और हमें धरती सूर्य आसमान की विशेष पूजा अर्चना करनी चाहिए क्योंकि मृत्यु के समय आपके साथ यही जाएगा और यह शरीर हरि भक्ति में लीन रहने से कम से कम दुख मिलता है वही इंसान अगर बहुत परेशान है तो उसे हरि भक्ति में लीन होना चाहिए सभी दुखों का अंत विष्णु कथा में समा जाते हैं इस प्रकार हमें धर्म- कर्म के कार्य करते रहने चाहिए निश्चित रूप से यहां पर अद्भुत वाणी से लोगों को अभिभूत करने में कामयाब रहे और लोगों ने तन मन धन से गुरु का आशीर्वाद लिया और श्रीमद् भागवत कथा को सुनकर आंखों में खुशी के आंसू आने से भी स्त्राधालु नहीं रोक सके, वहीं श्री कथा वाचक जी का कहना था कि इस तरह के भागवत कथा होने से वातावरण शुद्ध होता है क्योंकि अग्नि की आहुति में जिन मंत्रो का उच्चारण के साथ स्वाहा किया जाता है उसमें साक्षात ईश्वर आहा बोलते हैं इसलिए ऐसे कृत्य होते रहने चाहिए ताकि वातावरण और पारिवारिक जीवन के सुख और दुख का धर्म के हिसाब से निवारण होता रहे और लोगों में सद्भावना बनी रहे।

### दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु-

पंडित श्री राघव कृष्णा महराज वृंदावन वाले महाराज के भक्तगण बहुत दूर-दूर से उनके दर्शन पाने को और कथा सुनने को पहुंचे कई ऐसे लोग थे जो छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले से आए थे वहीं शहडोल, बुढार, धनपुरी, अमलाई, उमरिया, कटनी, जबलपुर आदि स्थानों से भी सैकड़ो श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत कथा में आकर कथा सुना और गुरु के आशीर्वाद भी लिए वहीं क्षेत्रीय लोगों में धनपुरी नगर पालिका के पूर्व सीएमओ रवि करण त्रिपाठी एवं अमलाई नगर परिषद के पूर्व जनपद सदस्य वर्तमान पार्षद समाजसेवी पवन चीनी, संतोष टंडन आदि सैकड़ो लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें प्रमुख रूप से पार्षद पवन चीनी तन मन धन से जुड़े रहे और कलश यात्रा से लेकर पूर्णाहुति और भंडारे तक गुरु के समक्ष बने रहे और व्यवस्थाओं का जायजा भी लेते रहे निश्चित रूप से ऐसे समाजसेवियों के कारण ही इस तरह धर्म के विकास के रास्ते खुलते हैं और आने वाले दिनों में भक्ति भावना भी जागृत होती है वही धनपुरी नगर पालिका के पूर्व सीएमओ रवी करण त्रिपाठी के सैकड़ो भक्तों ने अनेकों प्रकार से उक्त कथा में सहयोग प्रदान भी किया है जिससे एक छोटे से कथा की शुरुआत ने भव्यता का रूप ले लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान तन मन धन से पार्षद पवन कुमार चीनी लग रहे जिसके चलते कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल हो सका।



## 41 बुथों पर मनया गया भाजपा स्थापना दिवस:हेमन्त सोनी

**विजय मत, धनपुरी।**

6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी मंडल धनपुरी के अध्यक्ष हेमन्त सोनी के नेत्रत्व में मंडल स्थित 41 के 41 बूथो पर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया.. प्रत्येक बुथों पर धूमधम से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपनी पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। मिठाईयाँ वांटी घर-घर पार्टी का झंडा लहराया

स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी द्वार किये गए कार्यो की लोग को जानकारी दी गई । भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही है जनहित की योजनाओं के बारे में लोगों को एक बार पुनः जागरूक किया गया साथ ही आने वाले चुनाव में भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने और पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए लोगों से अग्रह किया गया ताकि नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए अबकी बार 400 पार के नारे को साकार करते हुये पूर्ण बहुमत की सरकार बने ताकि आने वाले समय में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाया जा सके । भारतीय जनता पार्टी मंडल धनपुरी के अध्यक्ष हेमंत सोनी ने मंडल निवास करने वाले समस्त कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया सभी को हृदय से धन्यवाद दिया जिन्हों प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से स्थापना दिवस में अपना योगदान दिया..

सुझाव



# आपके पैरों में भी रहती हैं सूजन तो अपनाएं ये असरदार नुस्खे

सर्दियों में बहुत से लोगों को पैरों में सूजन रहती है, जिस वजह से पैरों में दर्द भी होता है। इस सूजन से छुटकारा पाने के लिए लोग गर्म पानी से पैरों की सिंकाई तो करते ही है लेकिन कुछ लोगों को तो इससे आराम जल्द ही मिल जाता है, बहुत से लोगों को काफी समय तक इस दिक्कत का सामना करना पड़ता है। अगर आप भी सर्दियों में पैरों की सूजन से परेशान रहते है तो इन घरेलू नुस्खों को इस्तेमाल करें। इनसे जल्द ही आराम मिलेगा।

### अदरक

सोडियम के कारण पैरों में सूजन आ जाती है। अदरक सोडियम को पतला करने में मदद करता है। इसलिए दिन में 3-4 बार अदरक के तेल से पैरों की मालिश करें। इसके अलावा अपनी डाइट में भी अदरक का इस्तेमाल करें।

### धनिया

धनिए के बीजों से सूजन जल्दी गायब होती है। कप पानी में 2 से 3 चम्मच धनिए के बीज डालें। तब तक उबालें, जब तक कप का पानी आधा न हो जाएं। फिर इस काढ़े को धीरे-धीरे पीएं। इस काढ़े को दिन में 2 बार जरूर पीएं।

### सिरका

बराबर मात्रा में पानी और सिरका मिलाएं। फिर इसे कुछ समय तक गर्म करें। फिर इस सिरके में सूती कपड़ा डालकर सूजन और दर्द वाली जगह पर रखें। इस नुस्खे को दिन में 2-3 बार इस्तेमाल करें। उपयोग करने के बाद मॉइस्चराइजिंग क्रीम लगाएं।

### आटा

आटा गर्माहट देता है, इसकी गर्माहट से दर्द और सूजन वाली जगह की सिंकाई अच्छे से होती है। आटा और वाइन का पेस्ट बनाएं। फिर इसे दिन मिनट तक सूजन वाली जगह पर रखें। फिर बाद में गुनगुने पानी से इसे धोकर हल्की मसाज करें।

### लहसुन

रोज लहसुन या इसका तेल और कैप्सूल खाने से टखनों और पैरों की सूजन कम होने लगती है। इसके अलावा अपने खाने में लहसुन का अधिक सेवन करें। इससे सूजन कम होगी।

# गर्भवती होने से पहले ही छोड़ दें ये आदतें वर्ना हो सकता है नुकसान



हर महिला मां बनने का बेसब्री से इंतजार करती है, क्योंकि मां बनना हर औरत के लिए खुशकिस्मती की बात होती है। हैल्दी प्रैग्नेंसी के लिए अच्छी डाइट और व्यायाम के साथ-साथ बुरी आदतों का छोड़ना भी बहुत जरूरी है। आपकी कुछ बुरी आदतों के कारण आपके बच्चे की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। आज हम आपको बताएंगे कि प्रैग्नेंसी से पहले आपको किन बुरी आदतों को छोड़ देना चाहिए।

### दवाइयों का सेवन

कुछ महिलाए छोटी-छोटी परेशानियों में भी दवाइयों का सेवन करती है लेकिन ज्यादा दवाइयां लेने से आपके गर्भ में पलने वाले बच्चे को नुकसान हो सकता है।

### कैफीन

प्रैग्नेंसी से पहले या बाद में किसी भी तरह के एनर्जी ड्रिंक, कॉफी या कैफीन का सेवन भी आपके और बच्चे के लि हानिकारक हो सकता है। इससे गर्भपात या समय से पहले बच्चे के जन्म की समस्या हो सकती है।

### मीठे का सेवन

गर्भवती होने के बाद आपके शरीर में बहुत से बदलाव आते है। ऐसे समय में आपको बीमारियों का खतरा भी सबसे ज्यादा होता है। ऐसे में ज्यादा मीठे के सेवन से आप में डायबिटीज का खतरा बढ़ सकता है।

### एक्सरसाइज करना

व्यायाम करना अच्छी बात है लेकिन प्रैग्नेंसी के दौरान सीमित मात्रा में ही व्यायाम करना चाहिए। ज्यादा और मुश्किल एक्सरसाइज करने से मिसकैरेज का खतरा हो सकता है। एक्सरसाइज के लिए जरूरी नहीं है कि आप जिम का सहारा लें। घर पर ही कुछ टिप्स अपना सकती हैं।

### तनाव

ज्यादा तनाव लेने से आपको माइग्रेन या डिप्रैशन की समस्या हो सकती है, जो आपके और शिशु के लिए खतरनाक हो सकती है।

### अल्कोहल

गर्भवती होने से पहले या बाद में अल्कोहल, स्मोकिंग करना सेहत के लिए हानिकारक होता है। इससे गर्भधारण में समस्या आती है।

## इसलिए जन्म से ही बच्चे के सिर पर जरूर होते हैं बाल

बच्चे के जन्म से ही उनके सिर पर बुहत ज्यादा या कम बाल जरूर होते है। ऐसा बहुत कम होता है शिशु के जन्म के बाद उसके सिर पर बाल न हों। दरअसल शिशु के सिलर पर बाल होने न होने के पीछे कुछ कारण होते है। आइए जानते है की नवजात शिशु के सिर पर जन्म से ही बाल क्यों होते है।



### डाइट भी है कारण

प्रैग्नेंसी के दौरान आप खान-पान का असर बच्चे के भ्रुण विकास से लेकर उसके बालों तक पर पड़ता है। डाइट अच्छी होने पर बच्चों के बालों की ग्रोथ भी अच्छी होता है। खराब डाइट होने पर भ्रूण में शिशु के बालों की ग्रोथ ठीक से नहीं हो पाती।

### जींस पर निर्भर

बच्चें के सीधे, घने, सुनहरे और कम बाल होना पेरेमट्स के जींस पर निर्भर करता है। बच्चे के बाल असल में पेरेंट्स के बालों की शेप के आकार के होते है। हल्के व घुमावदार बाल होने पर पिता और घने व सीधे होने पर शिशु के बाल माता पर जाते है।

### एसिडिटी और हार्टबर्न

गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को अक्सर एसिडिटी और हार्टबर्न की शिकायत रहती है लेकिन बार-बार एसिडिटी या हार्टबर्न होना बच्चें के विकास के साथ उनके बालों की ग्रोथ पर भी बुरा असर डालता है। इसलिए ऐसे समय में महिलाओं को अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना चाहिए।

जानकारी



# बिना मेकअप के चेहरे को बनाए खूबसूरत

चेहरे को सुंदर बनाने के लिए लड़कियां बहुत से ब्यूटी ट्रीटमेंट, मेकअप और क्रीमों का इस्तेमाल करती है लेकिन केमिकल युक्त इन प्रॉडक्ट्स से चेहरे को नुकसान ही होता है। इसकी बजाए कुछ घरेलू तरीकों से आप अपनी खूबसूरती को बरकरार रख सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे जिससे बिना मेकअप के भी आपके चेहरे पर नेचुरल ग्लो बना रहेगा।

### सुंदर दिखने के टिप्स

- ✔ सर्दियों में स्किन को रूखेपन से बचाने के लिए चेहरे को कम से कम 2 बार धोएं।
- ✔ हफ्ते में कम से कम 1 बार डेड स्किन जरूर हटाएं। इससे स्किन ग्लोइंग और तरोताजा रहती है।
- ✔ घर से बाहर निकलते समय सनस्क्रीन और मॉइश्राइजर लगाना न भूलें। इससे स्किन पर रूखापन नहीं आता।
- ✔ अगर चेहरे पर पिपंल्स हो गए है तो उसपर कपूर और नारियल का तेल मिलाकर लगाएं। इसके अलावा आप पिपंल्स से छुटकारा पाने के लिए बेसन का इस्तेमाल भी कर सकती है।
- ✔ स्किन से घूल मिट्टी साफ करने के लिए अच्छे टोनर का इस्तेमाल करें।
- ✔ चेहरे पर नेचुरल ग्लो लाने के लिए दिन में 5-6 गिलास पानी जरूर पीएं। इससे बॉडी भी डिटॉक्स और त्वचा हाइड्रेट रहती है।
- ✔ रोजाना समय निकाल कर 20-25 मिनट योगा या एक्सरसाइज जरूर करें। इससे भी त्वचा हेल्दी रहती है।
- ✔ चेहरे के डार्क सर्कल से छुटकारा पाने के लिए पूरी नींद लेने के साथ आलू का रस लगाएं। कुछ समय में ही डार्क सर्कल दूर हो जाएगें।
- ✔ किसी भी शादी या फंक्शन से लोटने के बाद मेकअप को साफ करना न भूलें।
- ✔ अपनी डाइट में अधिक से अधिक हरी सब्जियों और हेल्दी फूड को शामिल करें।

# जानें, क्यों लगातार बढ़ रही है रेडिमेड कपड़ों की मांग

एक समय वह भी होता था जब कपड़ा खरीदकर दर्जी को सिलने के लिए दिया जाता था और फिर महीनों तक इंतजार होता था। पहले के समय में ना ही आज के बराबर मॉल थे और ना ही रेडिमेड शॉप। ऐसे में दर्जी ही शौक पूरा करने के साधन थे। लेकिन आजकल ऐसा नहीं है। आजकल बहुत कम लोग हैं जो कपड़ा खरीद कर सिलाने के शौकीन हैं। बल्कि आजकल रेडिमेड कपड़ों का चलन काफी बढ़ गया है।



### क्या है कारण

रेडिमेड कपड़ों की बढ़ती मांग के पीछे लोगों की भागदौड़ भरी जिंदगी एक बहुत बड़ा कारण है। आजकल लोगों के पास इतना समय नहीं है कि वह नए कपड़े के लिए महीनों इंतजार करे। जिसके चलते रेडी टू वियर आउटफिट का चलन जोरों पर है। ट्रेंडी, कलरफुल पैटर्न, स्टाइलिश सिलाई और यूनिक डिजाइन के कारण रेडीमेड कपड़े युवाओं की पहली पसंद बन गए हैं।

### कपड़े खरीदो और तुरंत पहनो

सब्र की कमी के चलते भी रेडिमेड की मांग जोरो पर है। रेडी टू वियर कपड़े की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण समय की बचत है। दरअसल आज ज्यादातर लोग कामकाजी हैं। कॉलेज, ऑफिस और अन्य काम के चलते किसी के पास इतना समय नहीं होता कि वे बाजार जाएं फिर कपड़े पसंद करें, उसके बाद उसे सिलवाने के लिए डिजाइन चुने फिर सिलाई के लिए अच्छे टेलर के चक्कर लगाएं। इसलिए आजकल लोग मार्किट से कपड़े खरीदते हैं और तुरंत पहनते हैं।

### फिटिंग की झिकझिक नहीं

युवाओं की पसंद को ध्यान में रखकर आजकल कपड़ों के डिजाइन और फिटिंग तय की जाती है। दूसरी बात टेलर के पास कपड़ों की इतनी भीड़ होती है कि वे समय पर कपड़े सिलकर नहीं दे पाते हैं साथ ही जैसी फिटिंग ग्राहक को पसंद होती है वो भी नहीं आ पाती है। यानि कि कभी फिटिंग सही नहीं होती तो कभी डिजाइन खराब कर देते हैं। ऐसे में अच्छे खासे कपड़े बेकार हो जाते हैं। फिटिंग की झिकझिक से बचने के लिए रेडीमेड कपड़े ही बेस्ट हैं। साथ ही सिलाई के महंगे दाम के चलते भी लोग रेडिमेड कपड़े लेना ही पसंद कर रहे हैं।

### बच्चे के लिए नैनी ढूंढ़ते समय रखें खास ख्याल

बच्चे के लिए नैनी यानि आया ढूंढना आज के समय में एक बड़ी समस्या बन गई है। खासतौर पर वर्किंग परेंट्स के लिए अपने जिगर के टुकड़े की जिम्मेदारी किसी दूसरे को सौंपना आसान बात नहीं है। वह अपने काम पर तभी ध्यान दे पाएंगे, जब वे अपने बच्चे की देखभाल को पूरी तरह से संतुष्ट हो। तो आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने बच्चे के लिए एक बेहतर नैनी ढूंढ सकते हैं।

### किन बातों का रखें ख्याल

- ✔ पहले सोच लें कि आपको बड़ी उम्र की या कम उम्र की आया चाहिए। क्या वह चाइल्ड केयर के अलावा घरेलू काम करने के लिए तैयार है।
- ✔ अगर आप किसी एजेंसी के जरिए नैनी रख रहे हों तो उसकी पूरी छानबीन करें। नैनी का पुलिस वेरीफिकेशन जरूर कराएं।
- ✔ नैनी और उसे उपलब्ध करवाने वाली एजेंसी के बारे में कुछ जरूरी दस्तावेज की एक-एक प्रति अपने पास रखें।
- ✔ छोटे बच्चों के मामले में साफ-सफाई का खास ख्याल रखना पड़ता है। इसलिए देख लें कि जो नैनी आप रख रहे हैं, वह हाइजीन के प्रति सचेत है या नहीं।
- ✔ आप एक हफ्ते के लिए नैनी को काम पर रखकर उसका ट्रायल ले सकती हैं। अगर वह आपकी अपेक्षाओं पर खरी न उतरे तो दूसरा विकल्प देखें।
- ✔ ट्रायल के समय या उससे बाद में भी नैनी के बर्ताव पर जरूर नजर रखें कि आपका बच्चा उसके साथ सुरक्षित तो हैं या नहीं।

# स्मार्ट तरीके से करें प्लास्टिक कपों का रीयूज



**आज प्लास्टिक का इस्तेमाल अधिक किया जा रहा है जैसे प्लास्टिक बोतल, कपों, बर्तनों, थैली अन्य आदि । इन सब चीजों का इस्तेमाल किसी एक नहीं बल्कि सभी घरों में लगातार होता है। अगर घर में कचरा इकट्ठा भी किया जाए तो कचरे के रुप में प्लास्टिक ज्यादा प्राप्त होती है।**



अगर आप प्लास्टिक का इस्तेमाल करते भी है तो उसे अधिक से अधिक रिसाईकल करें। प्लास्टिक को रिसाईकल करके आप न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते है बल्कि अपने घर को डैकोरेट भी कर सकते है। जिनसे घर को डिफरैंट लुक देने के साथ-साथ आप काफी खर्चा भी बचा सकते है। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप प्लास्टिक कप के इस्तेमाल करें क्रिएटिव चीजें बना सकते है।

**टूथब्रश या पेन होल्डर:** दही वाले कपों को फैंकने के बजाएं, उन्हें अच्छे से धोकर बाथरूम में होल्डर की तरह टांग दे। फिर इसमें अपना ब्रश डालें। आप चाहें तो इसे पेन होल्डर के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते है।

**एस्सेसरीज रखें:** अक्सर किसी जगह रखें ईयरिंग्स टाइम पर नहीं मिलते या गुम हो जाते है। ऐसे में प्लास्टिक कपों को ग्लू की मदद से जोड़कर एक्सेसरीज बॉक्स बनाएं।

**बीज बोएं:** ज्यादातर लोगों को होम गार्डनिंग का शौक होता है तो ऐसे में प्लास्टिक कप का इस्तेमाल करें। इनमें आप धनिया, पुदीना अन्य आदि अपनी जरूर की चीजें उगा सकती है।

### पेपरवेट बनाएं

घर में प्लास्टिक के हैवी कप को ही पेपरवेट बनाएं। इससे आपके पैसे बचेगे और सामान दोबारा से इस्तेमाल भी हो जाएगा।

### कलर पेलेट्ट

बच्चों को पेंटिंग का काफी शौंक होता है। ऐसे में उन्हें शेड बनाने के लिए कलर पेलेटट की जरूरत होती है। तो क्यों न मार्केट से कलर पलेट लाने के बजाएं इन कपों का इस्तेमाल करें।

### मैगजीन स्टैंड

मैगजीन या न्यूज पेपर पढ़ने के बाद हम उन्हें इधर-उधर रखकर भूल जाते है। फिर उन्हें ढूंढने में दिक्कत होती है।

# मोटापा है कई बीमारियों का कारण



अधिक वजन व मोटापा अनेक व्याधियों के मूल में रहता है। विशेषकर राजरोग, मधुमेह, रक्तचाप और हृदयरोग के मामलों में खाली मोटापा इतना परेशान नहीं करता, पर जब साथ में मधुमेह हो, अधिक रक्तचाप हो और धूम्रपान की आदत हो, फिर तो वजन कम करने के सिवा और कोई उपाय नहीं है। भोजन संतुलित कर के व्यायाम करना ही वजन घटाने का एक मात्र उपाय है ताकि जितनाी कैलोरी ली जाए उस से कुछ अधिक भस्म हो। पैदल चलने से अधिक मात्रा में आक्सीजन अंदर जाने से धूम्रपान करने वालों के रक्त में कारबन मोनो आक्साइड गैस व निकोटीन का प्रतिशत कम होता है व रक्त वाहिनियों का लचीलापन बढ़ता है। अतः अधिक दबाव में रक्त वाहिनियों के फ्टने की आशंका कम होती है। इस से दिल का दौरा पड़ने का खतरा भी कम हो जाता है।

## हार्दिक की हूटिंग न करें प्रशंसक : गांगुली



**मुम्बई।** दिल्ली कैपिटल्स टीम के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट सौरव गांगुली ने प्रशंसकों से अनुरोध किया है कि वे मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को निशाना न बनायें। गांगुली ने कहा कि टीम प्रबंधन ने अगर पंड्या को कप्तान दी है तो उसमें उनकी क्या गलती है। पंड्या ने तो उन्हें कप्तान बनाने की बात नहीं की थी। गांगुली ने प्रशंसकों से ये अपील इसलिए की है क्योंकि पंड्या को कप्तानी संभालने के बाद से ही लगातार हूटिंग का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण रोहित शर्मा की जगह उन्हें कप्तान बनाया जाना है। ऐसे में रोहित के प्रशंसक नाराज हैं।

## मयंक को अभी टेस्ट में उतारना सही नहीं : वाटसन



**कोलकाता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर शेन वाटसन के अनुसार युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है पर अभी इस गेंदबाज को टेस्ट क्रिकेट में लाना सही नहीं होगा। वाटसन के अनुसार इससे मयंक पर दबाव पड़ सकता है। मयंक ने शुरुआती दो मैच में अपने प्रदर्शन से टीम को जीत दिलायी थी। वाटसन ने कहा कि मयंक यादव के बारे में काफी बातें हो रही है जिनकी रफ्तार विश्व स्तरीय है और उन्होंने विश्व स्तरीय कौशल भी दिखाया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ प्रदर्शन करना और उन पर दबदबा बनाना बहुत अच्छा है पर अभी उसे टेस्ट में लाना जल्दबाजी होगी। वाटसन ने कहा कि निश्चित रूप से आप उसे टेस्ट क्रिकेट में शामिल करना चाहेंगे पर बतौर तेज गेंदबाज यह आपके

### दागी क्रिकेटरों को माफी नहीं दी जा सकती

## आमिर की वापसी से नाराज रमीज पीसीबी पर भड़के

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रहे रमीज राजा ने मैच फिक्सिंग में फंसे तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर को फिर टीम में अवसर देने की कड़ी आलोचना की है। आमिर ने हाल ही में नये पीसीबी प्रमुख से बात होने के बाद संन्यास से वापसी की है और ऐसे में पीसीबी उन्हें आगामी टी20 विश्वकप में अवसर दे सकती है। आमिर ने भी पाक टीम में चयन के लिए अपने को उपलब्ध बताया है। पूर्व क्रिकेटर रहे रमीज का कहना है कि आमिर ने जिस प्रकार का गलत काम किया था उसके लिए उन्हें माफी नहीं दी जा सकती। अभी कॉमेंटेटर की भूमिका निभा रहे रमीज ने यहां तक कह दिया कि उनका बेटा भी यदि फिक्सिंग में शामिल पाया जाता तो वह उसे भी माफ नहीं करते।

रमीज ने कहा, ' आमिर को लेकर मेरा मानना ये



है कि उसे पाकिस्तान के लिए दोबारा नहीं खेलने देना चाहिए। ये सही है कि क्रिकेट के नैतिक मानकों को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी मेरी नहीं है पर समाज और प्रशंसकों को यह समझने की जरूरत है कि जब उसने फिक्सिंग की थी, तब मैंने भी इसका अनुभव किया था। मैं लॉर्ड्स में उस समय कॉमेंट्री कर रहा था। मेरे दिमाग में आज भी वो यादे ताजा है जब लोग मुझसे भी नफरत करने लगे थे क्योंकि लोगों को लगता था कि मैं भी उस टीम से जुड़ा हूं।

## बटलर राजस्थान रॉयल्स की ओर से सबसे अधिक बार प्लेयर ऑफ द मैच जीतने वाले खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज जोस बटलर ने आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हुए मुकाबले में शानदार शतक लगाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। अपने इस शानदार प्रदर्शन के लिए बटलर को 'प्लेयर ऑफ द मैच' अवॉर्ड मिला। इसी के साथ ही बटलर अब आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से सबसे अधिक बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' जीतने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इस प्रकार उन्होंने अजिंक्य रहाणे का रिकार्ड तोड़ा। बटलर ने अब तक कुल 11 बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीता है जबकि ये अवार्ड 10 बार रहाणे ने जीता था। वहीं अन्य खिलाड़ियों में युसूफ पठान ने अब तक 9 बार, शेन वॉटसन ने 9 बार और संजू सैमसन ने

### रहाणे का रिकॉर्ड तोड़ा



राजस्थान के लिए 8 बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीता है।

बटलर ने आरसीबी के खिलाफ इस मैच में 58 गेंदों पर 9 चौकों और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 100 रन बनाए। इसके साथ ही अपने 100वें आईपीएल मैच में सबसे बड़ी पारी खेलने के मामले में बटलर दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। इससे पहले केएल राहुल ने एलएसजी की ओर से खेलते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ साल 2022 में 60 गेंदों पर नाबाद 103 रन बनाए थे। इस तरह उन्होंने केएल राहुल की भी बराबरी की।

## चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला आज

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला करेगी। सीएसके का लक्ष्य इस मैच में घरेलू हालातों का लाभ उठाकर जीत दर्ज करना रहेगा। उसके लिए हालांकि ये आसान नहीं रहेगा क्योंकि पिछले दो मैचों में लगातार मिली हार से टीम का मनोबल गिरा हुआ है। इसके अलावा केकेआर की टीम इस बार जबरदस्त फार्म में है और लगातार जीतती आ रही है। सीएसके को अगर ये मैच जीतना है तो उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। टीम के नये कप्तान कप्तान रुतुराज गायकवाड़

### मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा




और रचिन रविंद्र को अधिक से अधिक रन बनाने के साथ ही पावर प्ले में अच्छी शुरुआत दिलानी होगी। गायकवाड़ 118.91 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाए हैं जबकि रविंद्र पिछले दो मैचों में विफल रहे हैं। अब तक इस टूर्नामेंट में शिवम दुबे ने अच्छी बल्लेबाजी की है और उनसे इस मैच में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। शिवम ने 160.86 के स्ट्राइक रेट से 148 रन बनाए हैं। युवा समीर रिज्वी को इस मैच में जगह मिलती है या नहीं ये भी देखना होगा। समीर ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ छह गेंद में 14 रनबनाए थे पर इसके बाद अगले मैच में वह विफल रहे थे और उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। वहीं टीम को तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और मथीसा पथिराना के नहीं होने से भी नुकसान होगा। ये दोनो ही अलग-अलग कारणों से टीम के पिछले मैच में नहीं खेल पाए जिससे सुपरकिंग्स की गेंदबाजी कमजोर हुई है। इन दोनो के बाहर रहने पर दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुकेश चौधरी पर तेज गेंदबाजी की जिम्मेदार रहेगी जबकि स्पिन की कमान मोईन अली, रविंद्र जडेजा और महेश तीक्षणा के पास होगी।

## पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के कारण उबर कप नहीं खेलेंगी खेलेंगी सिंधु

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आगामी पेरिस ओलंपिक से पहले पूरी तरह से फिटनेस हासिल करने के लिए भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने उबर कप में नहीं खेलने का फैसला किया है। इसी साल फरवरी में बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के जरिये वापसी करने के बाद से सिंधु ने अब तक छह टूर्नामेंट खेले हैं पर वह अपनी लय के लिए संघर्ष करती दिखी हैं। सिंधु के अलावा शीर्ष दो युगल टीमों ने भी उबर कप में नहीं खेलने का फैसला किया है।

महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो भी उबर कप में नहीं खेलेंगी। इनका ध्यान भी आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग मुकाबलों पर रहेगा। बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा ,'' सिंधु चोट



के बाद वापसी कर रही है और पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये उसे समय चाहिये। युगल टीमों ने भी नाम वापिस ले लिया है क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ समय में काफी टूर्नामेंट खेले हैं और अब वे ओलंपिक क्वालीफाइंग मैचों के लिए तरोताजा रहना चाहते हैं। वहीं इस माह के अंत में होने वाले थॉमस कप में भारत की मजबूत पुरुष टीम उतरेगी। इसमें लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत, एच एस प्रणय, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज हैं।

# बिजनेस

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार ऑल टाइम हाई पर, 645.58 अरब डॉलर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.58 अरब डॉलर के नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इस बात की जानकारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी RBI ने दी। यह लगातार छठा सप्ताह है, जब फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व बढ़ा है।

इससे एक सप्ताह पहले देश का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.63 अरब डॉलर हो गया था। इससे पहले देश का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व सितंबर 2021 में 642.45 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंचा था।

### लगातार छठे सप्ताह बढ़ा फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व

ग्लोबल एक्टिविटीज के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपए की गिरावट को थामने के लिए फॉरेक्स रिजर्व का इस्तेमाल किया, जिससे फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व में थोड़ी कमी आई थी। RBI हर सप्ताह फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व और गोल्ड रिजर्व का डेटा जारी करता है। RBI के आंकड़ों के मुताबिक, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में फॉरेन करेंसी एसेट्स 2.35 अरब




डॉलर बढ़कर 570.618 अरब डॉलर पर पहुंच गए। फॉरेन करेंसी एसेट्स, फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का अहम हिस्सा होते हैं।

डॉलर में एक्सप्रेस किए जाने वाले फॉरेन करेंसी एसेट्स में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में उतार-चढ़ाव के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। RBI ने कहा कि रिव्यू वीक के दौरान गोल्ड रिजर्व 67.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 52.16 अरब डॉलर हो गया। इस बीच स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स 7.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.145 अरब डॉलर रह गए।

रिजर्व बैंक के मुताबिक, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी IMF के पास भारत की रिजर्व डिपॉजिट भी 20 लाख डॉलर घटकर 4.66 अरब डॉलर रह गया। रेपो रेट को बिना किसी बदलाव के 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखे जाने से इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में 5 अप्रैल को भारतीय करेंसी रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 8 पैसे मजबूत होकर 83.31 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में इसने 83.26 प्रति डॉलर का उच्च स्तर और 83.45 प्रति डॉलर का निचला स्तर छुआ था।

## वोडाफोन आइडिया आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी को बेचेगी शेयर

**नई दिल्ली।** वोडाफोन आइडिया के निदेशक मंडल ने आदित्य बिड़ला समूह की इकाई को 2,075 करोड़ रुपये के तरजीही शेयर बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। निदेशक मंडल ने ओरियाना इन्वेस्टमेंट्स को 14.87 रुपये प्रति इक्विटी शेयर की दर से 10 रुपये अंकित मूल्य के 1,39,54,27,034 इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दे दी। इस प्रकार इन शेयरों के लिए कुल 2,075 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। आदित्य बिड़ला समूह ओरियाना इन्वेस्टमेंट्स के प्रवर्तकों में से एक है। आईसीडीआर के नियमों के अनुरूप तरजीही शेयरों की न्यूनतम कीमत निर्धारित करने के लिए प्रासंगिक तारीख 8 अप्रैल है। शुक्रवार, 5 अप्रैल को बाजार बंद होते समय वोडाफोन आइडिया के शेयर 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13.32 रुपये प्रति शेयर पर रहे। निदेशक मंडल ने कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी को मौजूदा 75 हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर एक लाख करोड़ रुपये करने की भी मंजूरी दी। निदेशक मंडल द्वारा पारित इन प्रस्तावो को मंजूरी देने के लिए बुधवार, 8 मई को कंपनी की एक असाधारण आम बैठक बुलाई गई है।

## बीते सप्ताह तेल-तिलहन कीमतों में सुधार का रुख रहा

### सरसों की मंडियों में आवक 16-16.25 लाख बोरी तक जा पहुंची थी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शादी-विवाह के मौसम एवं नवरात्र से पहले खाने के तेलों की बढ़ती मांग तथा देश में आयातित खाने के तेलों की कम आपूर्ति के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सुधार का रुख देखा गया। इस दौरान सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल तेजी के साथ बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह से पहले सरसों की मंडियों में आवक 16-16.25 लाख बोरी तक जा पहुंची थी। इसके अलावा हरियाणा और श्रीगंगानगर में सरसों की फसल देर से आती है। इसलिए अप्रैल में सरसों की आवक बढ़ने की अपेक्षा की जा रही थी लेकिन आवक बढ़ने के बजाय 9-9.25 लाख बोरी पर स्थिर बनी हुई है। इस बीच अधिकांश राज्यों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरसों की सरकारी खरीद भी शुरु हो गई है। बीते सप्ताह सरसों दाने



का थोक भाव 60 रुपये की तेजी के साथ 5,435-5,475 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 75 रुपये बढ़कर 10,425 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 15-15 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 1,765-1,865 रुपये और 1,765-1,880 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमशः 105-105 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 4,740-4,760 रुपये प्रति क्विंटल और 4,540-4,580 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## वैश्विक घटनाक्रम और कंपनियों के नतीजों पर रहेगी बाजार की नजरः विश्लेषक

### रुपए-डॉलर के रुझान और कच्चे तेल के उतार-चढ़ाव से भी बाजार की दिशा तय होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैश्विक बाजार के मिलजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की वजह से बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी में रहे घरेलू शेयर बाजार की इस सप्ताह वैश्विक रुझानों, व्यापक आर्थिक आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर निर्भर करेंगी। ईद-उल-



फितर के मौके पर गुरुवार को शेयर बाजार में कारोबार नहीं होगा। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेशकों का रुख, रुपये-डॉलर के रुझान और कच्चे तेल की कीमतें भी उतार-चढ़ाव से भी बाजार की दिशा तय होगी। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि भारतीय कंपनियां इस सप्ताह चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा शुरू करेंगी। इस क्रम में आईटी सेवा कंपनी टीसीएस सबसे पहले अपने नतीजे घोषित करने वाली है। टीसीएस के नतीजे 12 अप्रैल को जारी होंगे। उन्होंने बताया कि भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी 12 अप्रैल को घोषित किए जाएंगे और इसी दिन मार्च के लिए मुद्रास्फीति की घोषणा की जाएगी। निवेशक डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की निवेश गतिविधियों पर करीब से नजर रखेंगे। पिछले हफ्ते बीएसई बेंचमार्क 596.87 या 0.81 फीसदी चढ़ गया। सूचकांक चार अप्रैल को 74,501.73 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। बाजार के जानकार कहते हैं कि इस सप्ताह तिमाही नतीजे आने शुरू होंगे और सभी का ध्यान मुख्य रूप से आईटी शेयरों पर होगा।

विश्लेषकों के अनुसार अमेरिका में इस वर्ष मार्च में रोजगार के आंकड़े मजबूत रहे। इससे ब्याज दरों में कटौती शुरू करने में और विलंब होने की संभावना है। साथ ही फेडरल रिजर्व आगे जारी होने वाले महंगाई आंकड़े का भी इंतजार कर सकता है। इस सप्ताह फेड के रुख का बाजार पर असर रहेगा। इसके अलावा ईरान और इजरायल के बीच झड़प से कच्चे तेल की कीमत, डॉलर इंडेक्स और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह पर भी बाजार की नजर रहेगी। स्थानीय स्तर पर मार्च के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई और टीसीएस समेत कई दिग्गज कंपनियों के 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के परिणाम जारी होने वाले है।

## भारत-सिंगापुर के बीच व्यापार 35.6 अरब डॉलर पहुंचा

**सिंगापुर।** सिंगापुर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो सालाना आधार पर 18.2 प्रतिशत अधिक है। भारतीय उच्चायोग में प्रथम सचिव (वाणिज्य) टी प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर भारत का आठवां सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है, जिसकी भारत के कुल व्यापार में 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है। प्रभाकर सिंगापुर में आयोजित इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर और भारत के बीच व्यापार में 2022-23 के दौरान 18.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

## अगले हफ्ते सुस्त रहेगा आईपीओ का बाजार

**नई दिल्ली।** आईपीओ का बाजार इस साल भी अच्छा रहा है। कई कंपनी के आईपीओ इस साल अब तक बाजार में प्रवेश कर चुके हैं। हालांकि अगले हफ्ते 8 अप्रैल से शुरू हो रहे कारोबारी हफ्ते में रौनक कम रहेगी क्योंकि इस हफ्ते मेनबोर्ड सेगमेंट का कोई नया आईपीओ नहीं खुल रहा है। वहीं एसएमई सेगमेंट में भी केवल तीन आईपीओ ही खुल रहे है। हालांकि बाजार में लिस्टिंग 6 कंपनियां करने वाली हैं। इनमें मेनबोर्ड सेगमेंट की एक कंपनी भारती हेक्जाकॉम है और बाकी कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। एसएमई सेगमेंट के आईपीओ इस प्रकार हैं- टीर्थ गोपीकॉन का आईपीओ 44 करोड़ रुपये का है और ये हफ्ते के पहले दिन ही 8 अप्रैल को खुलेगा।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com

## मध्यप्रदेश में कांग्रेस को एक और झटका

# पार्टी से तीन बार के विधायक समेत 250 कार्यकर्ताओं ने थामा कमल

**विजय मत, ब्यूरो, भोपाल/उज्जैन**

मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी को फिर से झटका लगा है। उज्जैन ग्रामीण के कांग्रेस से तीन बार के पूर्व विधायक अपने 250 समर्थकों के साथ भोपाल में भाजपा में शामिल हो गए। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर उज्जैन में कांग्रेस पार्टी को एक बड़ा झटका लगा। यहां तीन बार के पूर्व विधायक और उनके साथ लगभग 250 से अधिक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।

दरअसल, शनिवार को भाजपा ने अपना स्थापना दिवस मनाया। जैसा कि पूर्व में विदित था कि स्थापना दिवस पर प्रदेश सहित उज्जैन के कांग्रेसी भाजपा में शामिल हो सकते हैं, ऐसा ही हुआ। उज्जैन ग्रामीण के तीन बार के पूर्व



विधायक रामलाल मालवीय अपने समर्थकों के साथ भोपाल में भाजपा में शामिल हो गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने उनको पार्टी पटका ओढ़ाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर उज्जैन ग्रामीण के विधायक सतीश मालवीय, राज्यसभा सांसद उमेशनाथ महाराज आदि भी मौजूद रहे।

जानकारी के मुताबिक, भोपाल में कांग्रेस के पूर्व विधायक रामलाल मालवीय ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। वहीं, इस कड़ी में फ्रीगंज स्थित बीजेपी लोक शक्ति कार्यालय पर 250 से अधिक संख्या में कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता जो ब्लॉक स्तर और मतदान केंद्र स्तर से जुड़े हैं, सभी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।

### इन लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

पूर्व विधायक रामलाल मालवीय, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बहादुरसिंह पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश गनावा, ब्लाक अध्यक्ष विजयसिंह बरखेड़ा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आदमसिंह पटेल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सचिन पाटनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हाकमसिंह पटेल, पूर्व महामंत्री तथा उपाध्यक्ष कैलाश जाट, पूर्व महामंत्री विक्रमसिंह सुराला, पूर्व महामंत्री जितेंद्र शिंदे, पूर्व सरपंच पर्वतसिंह पटेल, पूर्व सरपंच संदीप बोरमुंडला, पूर्व जनपद अध्यक्ष भारतसिंह पंवार, पूर्व सरपंच बाबूसिंह रामगढ़, पूर्व सचिव नितिन शर्मा, सरपंच पदमसिंह दरबार, ब्लॉक महामंत्री लाखनसिंह मोहनपुरा, जनपद सदस्य बहादुरसिंह मीणा, मंडल अध्यक्ष भारतसिंह आंजना, संदीप गनावा और संदीप पटेल आदि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है: शिवराज

**विजय मत, भोपाल**



पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विदिशा लोकसभा की भोजपुर विधानसभा के औबेदुल्लागंज में रोड शो कर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि, सौ साल पहले स्वामी विवेकानंद ने कहा कि, सुदीर्घ रजनी समाप्त हुई जान पड़ती है, महानिशा का अंत निकट है, जो अंधे हैं वो देख नहीं सकते, जो बहरे हैं वो सुन नहीं सकते, लेकिन मैं स्पष्ट रूप से देख रहा हूँ कि भारत माता एक बार फिर अंगड़ाई लेकर खड़ी हो रही है और विश्व गुरु के पद पर अधिष्ठित हो रही है। एक नरेन्द्र स्वामी विवेकानंद ने ये कहा था और एक नेरेन्द्र हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं जो इसे पूरा कर रहे हैं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि, 18 साल बाद मुझे फिर से इस माटी की सेवा का सौभाग्य मिला है, मैं बहुत प्रसन्न हूं। मैं विदिशा संसदीय क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोडूंगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि, जब से भारतीय जनता पार्टी का जन्म हुआ तब से डॉ मुख़र्जी ने कहा था कि, एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे। कश्मीर के लिए लड़ने वाली भारतीय जनता पार्टी थी, गोवा के लिए लड़ने वाली भारतीय जनता पार्टी थी और कोई नहीं था। कांग्रेस ने तो देश को बांटने का महापाप किया है। देश अगर बंटा है तो देश को बांटने का काम कांग्रेस ने किया है और पंडित जवाहर लाल नेहरू ने किया है। पाकिस्तान ने हमला किया था तो कश्मीर में हमारे फौलड़ रहे थे, अगर नेहरू सेना को तीन दिन और लड़ने देते तो आज पूरा का पूरा कश्मीर हमारा होता, पाक अधिकृत कश्मीर नहीं बचता। केवल कांग्रेस ने इतना ही नहीं किया धारा 370 भी लगा दी। आज मुझे यह कहते हुए गर्व है कि, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो सपना देखा था दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे वो सपना पूरा हो गया है, कश्मीर से धारा 370 समाप्त हो गई है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### वोटरों को साधने शिवराज सिंह चौहान छिंदवाड़ा और होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को छिंदवाड़ा और होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान चौहान छिंदवाड़ा की तीन विधानसभा सीटों और होशंगाबाद के पिपरिया में जनसभा करेंगे। लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को छिंदवाड़ा की पांढुर्णा विधानसभा के बढ़चीचौली और जुन्नारदेव विधानसभा के चावल पानी में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद अमरवाड़ा विधानसभा के धनौरा में आमजन से संवाद करेंगे। छिंदवाड़ा के बाद सोमवार शाम होशंगाबाद लोकसभा के पिपरिया में शिवराज सिंह चौहान जनसभा को संबोधित करेंगे।

### सरलीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज

**भोपाल।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक पांडे ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन - 2024 में निर्वाचन प्रक्रिया अंतर्गत उम्मीदवार द्वारा भरे जाने वाले नामांकन फॉर्म एवं निर्वाचन के लिए अनिवार्य वांछित शुल्क भी ऑनलाईन माध्यम से भुगतान किया जाना है। आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा चुनाव आयोग के पोर्टल के साथ सायबर ट्रेजरी के एकीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं सायबर ट्रेजरी उक्त सुविधा के साथ लाईव है। उक्त प्रक्रिया के सरलीकरण एवं प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार, 08 अप्रैल 2024 को जिला पंचायत के सभागार में प्रातः11 बजे से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होने को कहा है।

### बस की डिक्की में मिले करोड़ों रुपए और 22 किलो चांदी, हवाला की आशंका



**विजय मत, ब्यूरो इंदौर ।** इंदौर से राजकोट जा रही थी बस, रास्ते में रुकवाकर पार्सल रखा, पुलिस पार्सल रखने वाले युवक तक पहुंची। झाबुआ पुलिस ने इंदौर से राजकोट जाने वाली बस की डिक्की से 1 करोड़ 28 लाख नकद और 22 किलो 600 ग्राम चांदी जप्त की है। राहुल ट्रेवल्स की बस की डिक्की में मिले इस पैसे और चांदी को देखकर पुलिस भी चौंक गई है। पुलिस को बस ड्राइवर ने बताया है कि यह रुपए और चांदी विष्णु नाम के युवक ने रखे थे। वह गंगवाल बस स्टैंड के आगे से बैठा था। कुछ देर के बाद उसे लगा कि पुलिस को पता चल गया है तो वह रुपए और चांदी को छोड़कर भाग गया। उसने रुपए और चांदी का बोरा एक पार्सल बताकर बस की डिक्की में रखा। पुलिस पार्सल रखने वाले युवक तक पहुंच गई है और उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि यह सब राजकोट के बड़े हवाला और सराफा कारोबारी भीकाजी का है। राहुल ट्रेवल्स की बस शुक्रवार रात इंदौर से राजकोट के लिए निकली। रात 12.30 बजे बस की पिटोल चेकपोस्ट पर जांच हुई जो झाबुआ के पास एमपी का आखिरी चेक पोस्ट है। इसके बाद यहां पर गुजरात की सीमा लग जाती है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने राजगढ़ एवं सारंगपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

# बेशर्म हैं कांग्रेस के लोग, जो वोट मांगने भी आ जाते हैं: डॉ. मोहन

**विजय मत, ब्यूरो, राजगढ**

कांग्रेस ने हमेशा से देश में धर्म को बांटने की राजनीति की है। कांग्रेस ने धर्म के आधार पर राजनीति करके लोगों के दिलों में एक-दूसरे के खिलाफ नफरतें भरी हैं। बेशर्म हैं कांग्रेस के लोग, जो वोट मांगने भी आ जाते हैं। जो लोग हम सबके आराध्य भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में भी नहीं जा पाए, वे लोग क्या देश और देशवासियों का भला करेंगे। अब ऐसे लोगों को सबक सिखाने का समय आ गया है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को राजगढ़ एवं सारंगपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन को प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग एवं पार्टी प्रत्याशी रोडमल नागर ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश-प्रदेश ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। हर तरफ विकास ही विकास नजर आता है। देश के प्रधानमंत्री यशस्वी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कई क्षेत्रों में इतिहास रचा है। अंग्रेजों के जमाने में बिछाई गई रेल लाईन को कांग्रेस ने 70 साल तक राज करने के बाद भी दुरूस्त नहीं किया, लेकिन पिछले 10 वर्षों में नई रेलवे लाइनें बिछाकर प्रधानमंत्री ने अपने इरादे भी जाहिर कर दिए। मध्यप्रदेश को रेलवे से कई सौगातें मिली हैं।



### प्रधानमंत्री के हर बूथ पर जीत के लक्ष्य को पूरा करना है: डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजगढ़ में विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हर बूथ पर जीत के लक्ष्य को हासिल करना है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता मैदान में जुट जाएं। इस बार 400 पार के संकल्प को हर हाल में पूरा करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यहां पर कार्यकर्ता को ही प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्री बनाया जाता है। इसका उदाहरण देश और प्रदेश में है। भाजपा का कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत और शक्ति है, जो उसकी जीत में मुख्य किरदार निभाता है।

***आने वाले समय में समर्थन मूल्य भी बढ़ाया जाएगा...*** *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव के दौरान किसानों से वादा किया था कि उनके गेहूं को सरकार 2700 रूपए प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर खरीदेगी। इस वर्ष सरकार ने समर्थन मूल्य 2275 रूपए के साथ में 125 रूपए बोनस देकर 2400 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का निर्णय लिया है। यह समर्थन मूल्य हर वर्ष बढ़ाकर 3 हजार रूपए प्रति क्विंटल तक ले जाया जाएगा। किसानों को उनकी उपज का भरपूर दाम दिया जाएगा यह वादा भाजपा की सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। प्रधानमंत्री मोदी ने जो भी वादा किया है उसे हर हाल में निभाया भी है। किसानों के लिए भाजपा सरकार हमेशा से कटिबद्ध है। हमारा संकल्प है कि किसानों की आय को दोगुना किया जाएगा। यादव ने कहा कि कांग्रेसी कहते थे कि प्रदेश में मुख्यमंत्री बदलते ही लाडली बहना योजना की राशि भी बंद हो जाएगी, लेकिन कांग्रेसियों के ये मुगालते दूर हो गए हैं। प्रदेश में चल रही कोई भी योजना को बंद नहीं किया जाएगा। लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाएं यथावत चलती रहेंगी।*

### अब गौ माताओं की रक्षा के लिए एम्बुलेंस चलाईं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिस गौ माता में 33 कोटी देवी-देवताओं का वास है अब उनकी रक्षा के लिए हर 50 किलोमीटर पर एम्बुलेंस शुरू कराई गईं हैं, ताकि कोई भी गौ माता को घायल होने पर तुरंत इलाज मिल सके। गौशालाओं को मिलने वाली राशि को भी दोगुना कर दिया गया है, ताकि गौमाताओं को भरपेट भोजन मिले। उन्होंने कहा कि अब दूध उत्पादक किसानों के लिए दूध पर भी बोनस देने की व्यवस्था की जा रही है।

### धारा 370 भी हट गई और शांति भी कायम रही

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस कहती थी कि कश्मीर से धारा 370 हटी तो देश में आशांति का माहौल पैदा होगा। उस असंभव कार्य को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया और हमारे आदर्श पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी के स्वप्नों को पूरा किया। आज कश्मीर में हरतरफ शांति का माहौल है। अब लोग कश्मीर के लाल चौक पर रात भर निश्चिंत होकर घूमते-फिरते हैं। वहां धारा 370 हटने के बाद रोजगार के अवसर बढ़े हैं। कांग्रेस हमेशा से श्रीराम मंदिर बनाने के विरोध में रही, लेकिन अयोध्या में श्रीराम मंदिर बना भी और इस फैसले का मुस्लिम वर्ग ने भी स्वागत किया।

# जनता की सेवा करना ही हमारी पार्टी का मकसद: कैलाश विजयवर्गीय




- जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना आवश्यक: कुलस्ते

**विजय मत, ब्यूरो, डिंडौरी**

भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है और पार्टी के कार्यकर्ता हमारी प्राथमिकता है। सत्ता केवल एक माध्यम भर है, जनता की सेवा करना ही पार्टी का हमेशा मकसद रहा है। इस बार लोकसभा चुनाव में पार्टी का लक्ष्य 400 पार है,इसके लिए कार्यकर्ता मेहनत कर रहे हैं, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर उनके हाथ को मजबूत किया जा सके। यह बात प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने डिंडौरी के कोडार्क मैरिज गार्डन में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री नल जल योजना सहित कई योजनाओं के माध्यम से चार वर्गो जिसमें गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, किसान कल्याण के लिए हमारी सरकार ने निरंतर कार्य किया है। सम्मेलन को केंद्रीय राज्यमंत्री व लोकसभा प्रत्याशी फग्गनसिंह कुलस्ते, व भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने भी संबोधित किया।

### 500 सालों बाद अयोध्या में हुआ राम मंदिर का निर्माण

कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि 500 वर्षो के बाद अयोध्या मे रामलला का भव्य मंदिर निर्माण ,धारा 370 एवं तीन तलाक जैसे गंभीर एवं पुराने विवादों का निपटारा हमारी केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेत्तृव वाली सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग का उत्थान किया है। पार्टी की जनहितैषी योजनाओं और लाभार्थियों से संपर्क कर उनसे संवाद कर जानकारी देना पार्टी कार्यकर्ता का लक्ष्य होना चाहिए।

# देवास में चलती बस में अचानक लग गई आग

## यात्रियों का सामान जलकर हुआ खाक

**विजय मत, ब्यूरो देवास**



मध्य प्रदेश के देवास जिले में चलती बस में अचानक आग लग गई। आपको बता दें कि यह घटना मक्सी रोड़ बाईपास ओवर ब्रिज के पास की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला सूचना पर दमकल की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी और आग पर काबू पाया गया। बस में लगी आग के कारण यात्रियों का सामान जल गया है। बताया जा रहा है कि यह बस पुणे से काठमांडू नेपाल जा रही थी। बस में जब आग लगी तब यात्री बस के अंदर सो रहे थे। आग किन कारण के चलते लगी है। इसका फिलहाल पता नहीं चल पाया है। आग के कारण बस में सवार यात्रियों का समान जलकर खाक हो गया है। कुछ यात्रियों के 500 और 100 के रुपए के नोट भी जल गए हैं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रहा है।

# जीतू बोले- बिहारी स्टाइल में चुनाव लड़ना चाहते हैं बीजेपी अध्यक्ष, प्रत्याशियों का अपहरण हुआ

**विजय मत, भोपाल**

खजुराहो सीट से इंडिया गठबंधन से सपा की प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन निरस्त होने से यहां सियासत गरमा गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा और जीतू पटवारी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों पर चुनावी मैदान से हटने का दबाव बनाया जा रहा है।

मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जीतू पटवारी ने रविवार को भजपा पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा खजुराहो लोकसभा सीट के कुछ उम्मीदवारों पर चुनाव मैदान से हटने का दबाव बना रही है। हालाकि, भाजपा ने पटवारी के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। पार्टी की ओर से कहा गया कि इस तरह के दावे इंडिया गठबंधन की आंतरिक कलह को छिपाने के



लिए लगाए जा रहे हैं।

बता दें कि गबंधन के तहत खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी (सपा) को दे दी गई थी। सपा उम्मीदवार मीरा यादव ने सीट से अपना नामांकन भी भरा था, लेकिन शुक्रवार को रिटर्निंग ऑफिसर ने फॉर्म पर एक स्थान पर हस्ताक्षर नहीं होने के कारण इसे निरस्त कर दिया था। ऐसे में अब इस सीट से मौजूदा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा समेत 14 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

### प्रत्याशी भूमिगत हो गए

उन्होंने कहा- जिला कलेक्टर (रिटर्निंग ऑफिसर) भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने सपा उम्मीदवार के फॉर्म को निरस्त कर दिया है, इस मुद्दे पर कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी। लेकिन, अब अन्य उम्मीदवारों पर भी पीछे हटने का दबाव डाला जा रहा है। पटवारी ने कहा- मुझे जानकारी मिली है कि कुछ प्रत्याशियों का अपहरण कर लिया गया है और कुछ को भूमिगत होने के लिए मजबूर किया गया, कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र में नहीं आ सकता है।

## खास-खबर: भोपाल संसदीय क्षेत्र की आठ विधानसभाओं में 2363 मतदान केंद्र बनाए गए हैं

# 15 हजार से ज्यादा अधिकारियों-कर्मचारियों ने सीखीं चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने की बारीकियां

**विजय मत, भोपाल**

जिले में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए आठ केंद्रों पर छह दिन तक अधिकारी-कर्मचारियों को चुनावी प्रशिक्षण दिया गया ।इस दौरान कुल 15 हजार 746 अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जबकि 706 अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित रहे। इनके खिलाफ नोटिस जारी करने की तैयारी की जा रही है। सही और उचित जवाब नहीं देने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। बता दें कि लोकसभा चुनाव में लगभग 16 हजार 443 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई हैं। इनको 80 मास्टर ट्रेनर के द्वारा



प्रशिक्षण दिया गया है।

लोकसभा चुनाव में भोपाल के सहायक नोडल अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि छह दिन चले प्रशिक्षण में अधिकारियों-कर्मचारियों को चुनाव संबंधी सामग्री लेने से लेकर जमा कराने तक की बारिकियों के बारे में ट्रेनर द्वारा कर्मचारियों को बताया गया। मतदान कर्मचारियों ने ईवीएम, वीवीपैट को स्वयं चलाकर देखा और यह जाना कि मतदान से पहले इन्हें कैसे चालू करना है और मतदान समाप्ति के बाद सुरक्षित तरीके से कैसे बंद करना है। मतदान केंद्रों पर किन बातों का ध्यान रखना है। इसके अलावा चुनाव संबंधी अन्य बिंदुओं के बारे में जाना।

### इनका कहना है

शहर के आठ केंद्रों पर लोकसभा चुनाव में 16 हजार 443 अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें से 15 हजार 746 ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जबकि अनपुस्थित 706 कर्मचारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा। इसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

- **कौशलेंद्र विक्रम सिंह,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, भोपाल

# आरजीपीवी घोटाला मामले में एबीवीपी ने किया सीएम हाउस का घेराव, मुख्यमंत्री ने दिया जल्द कार्रवाई का आश्वासन

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल, नवदुनिया प्रतिनिधि। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय( आरजीपीवी) में 19.48 करोड़ रुपये के एफडी घोटाला मामले में अब तक मुख्य आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इसी बात को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ता लगातार प्रदर्शन-आंदोलन कर रहे हैं। इसी सिलसिले में रविवार सुबह अभाविप के कार्यकर्ता श्यामला हिल्स स्थित मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे और गेट के बाहर एकत्र होकर नारेबाजी की। उनका कहना है कि पुलिस



इस मामले में लापरवाही बरत रही है। इस मामले में एक माह पहले एफआइआर दर्ज की गई थी, लेकिन अब तक आरोपितों को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर आरोपितों से मिलीभगत का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री मोहन यादव को जब अपने बंगले के बाहर प्रदर्शन की जानकारी मिली, तो उन्होंने एबीवीपी कार्यकर्ताओं को मिलने के लिए भीतर बुलाया। इस पर आरजीपीवी के प्रतिनिधियों ने सीएम के पास पहुंचकर मुलाकात की और उनके समक्ष अपनी मांगों को रखा। मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुना और मामले में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।

शनिवार को राजधानी के छह प्रमुख चौहारों पर शाम छह से सात बजे के बीच प्रदर्शन किया और पुलिस के खिलाफ जांच में सुस्ती का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। रेतघाट चौराहे पर पर प्रदर्शन में शामिल हुए अभाविप के शिवम जाट ने कहा कि आरजीपीवी भ्रष्टाचार मामले में कोई भी प्रमुख आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने पर प्रदर्शन किया जा रहा है।